वर्ष - 35 अंक59 www.skhnewstv.com 7 सितम्बर 2024 फिरोजाबाद पृष्ठ : 8 मूल्य : 1

दैनिक सच क्या है की प्रस्तुति

SKH NEWS

R.N.I.NO. 56725/89

# सच क्या है

(उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक)



अंदर के पेज
3 विश्‍व व देश की शांति के लिए हमारी सेना युद्ध के लिए भी तैयार: राजनाथ सिंह
4 राष्ट्रीय पोषण माह में निकाली गई पोषण जागरूकता रैली
5 काशी नगरी में शनिवार से सप्ताह व्यापी गणपति आराधना,पंडालों में विराजेंगे भगवान गणेश
6 बौद्ध सर्किट के नए सीजन में बढ़ेंगे वियतनामी पर्यटक, संयुक्त दल ने किया दौरा
7 राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा में लोगों को किया जागरूक

## नेपाल एयरपोर्ट पर तीन मुख्य कारणों से दुर्घटनाग्रस्त हुआ था सौर्य एयरलाइंस का विमान

### -जांच समिति ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सरकार को सौंपी

काठमांडू, 06 सितंबर (हि.स.)। काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल पर 24 जुलाई को सौर्य एयरलाइंस के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच रिपोर्ट का खुलासा हुआ है। जांच समिति ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। रिपोर्ट में दुर्घटना के पीछे तीन संभावित कारण बताए गए हैं। इनमें कार्गो में बैगेज के लोड का बैलेंस उड़ान नियमों के मुताबिक न होने, विमान की टेक ऑफ गति का संतुलन नहीं होने और टेक ऑफ के दौरान नियमों की अनदेखी किये जाने को दुर्घटना का कारण बताया गया है।



काठमांडू से पोखरा के लिए उड़ान भरने के कुछ सेकेंड के बाद ही सौर्य एयरलाइंस का विमान 24 जुलाई को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान के नियमित सी चेक के लिए पोखरा जा रहे विमान में सवार एक पायलट के अलावा एयरलाइंस कंपनी के 18 कर्मचारियो की मौत हो गई थी। सरकार ने इस दुर्घटना की जांच के लिए नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के पूर्व महानिदेशक रतीश चंद्र लाल के संयोजकत्व में एक समिति गठित की थी।

इस समिति ने सरकार को सौंपी प्रारंभिक रिपोर्ट में इस दुर्घटना के पीछे तीन संभावित कारण बताए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पहला कारण जहाज के लोड पर ध्यान ना देना है। लाल ने बताया कि जांच में पाया गया है कि जहाज में बैठे यात्री और उसके कार्गो में रहे बैगेज के लोड का बैलेंस उड़ान नियमों के मुताबिक नहीं था। जांच रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र किया है कि नागरिक उड्डयन प्राधिकरण और विमान उड़ाने वाली एयरलाइंस कंपनियों को इस बात पर विशेष ध्यान देना चाहिए कि विमान की उड़ान से पहले विमान के लोड की अनिवार्य चेकिंग हो।

दुर्घटना के दूसरे संभावित कारण में जहाज के लोड के मुताबिक विमान की टेक ऑफ गति का संतुलन नहीं होना बताया गया है। लाल ने बताया कि दुर्घटना के दिन सौर्य एयरलाइंस के लोड के अनुसार जहाज की गति को मेंटेन न किया जाना दुर्घटना का कारण हो सकता है। उन्होंने कहा कि जहाज के लोड के मुताबिक रनवे पर उसकी स्पीड बैलेंस नहीं दिखी। लोड बैलेंस नहीं होने के कारण पार्किंग से एप्रॉन होते हुए टैक्सी वे और रन वे तक पहुंचने की गति सीमा ठीक नहीं होने की बात कही गई है। इस दुर्घटना के तीसरे कारण में उड़ान के सभी नियमों का पालन न करने और टेक ऑफ के दौरान नियमों की अनदेखी बताई गई है। विमान के लोड के मुताबिक ही विमान की गति को सीमित रखना चाहिए था लेकिन दुर्घटनाग्रस्त विमान की टेक ऑफ स्पीड और उसके मुताबिक रोटेटिंग एंगल नहीं मिलने को भी दुर्घटना का एक कारण बताया गया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि फ्लाइट रिकार्डिंग डेटा के मुताबिक सौर्य एयरलाइंस का दुर्घटनाग्रस्त विमान टेक ऑफ के पहले 5 सेकेंड में 50 फीट की ऊंचाई पर था तो 10 सेकेंड में 100 फीट की ऊंचाई पर पहुंच गया था। काठमांडू एयरपोर्ट पर लगे सीसीटीवी और विमान के ब्लैक बॉक्स के डेटा के मुताबिक सिर्फ 29 सेकेंड में ही विमान डिस बेलेंस होकर नीचे गिर गया। जांच रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि सिर्फ 21 सेकेंड में ही पायलट ने फ्लाइट को रोटेट किया था और 29वें सेकेंड में फ्लाइट क्रैश हो गया था।

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने एथलीट प्रवीण कुमार को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी

नई दिल्ली, 06 सितंबर (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को एथलीट प्रवीण कुमार को पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी और कहा कि भारत को उन पर गर्व है।



राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट किया, ह्लपेरिस 2024 पैरालिंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर प्रवीण कुमार को हार्दिक बधाई। लगातार पैरालिंपिक में रिकॉर्ड-सेटिंग प्रदर्शन के साथ पदक जीतकर प्रवीण ने असाधारण निरंतरता दिखाई है। भारत को प्रवीण पर गर्व है। मैं कामना करती हूं कि वह भविष्य में भी खेल उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छूते रहें।

उपराष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट किया, ह्लभारत के लिए छठा स्वर्ण। पेरिस पैरालंपिक 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के लिए प्रवीण कुमार को बधाई। उनकी अटूट लगन, ईमानदारी और अनुशासन सभी के लिए एक शानदार उदाहरण है। वह हमारे देश को सम्मान और गौरव दिलाते रहें।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, ह्लप्रवीण कुमार को पैरालिंपिक 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 में नई ऊंचाइयों को छूने और स्वर्ण पदक जीतने के लिए बधाई।

उनके दृढ़ संकल्प और दृढ़ता ने हमारे देश को गौरव दिलाया है। भारत को उन पर गर्व है।

## आईसी 814-द कंधार हाईजैक पर रोक की मांग वाली याचिका दिल्ली हाई कोर्ट से वापस

नई दिल्ली, 06 सितम्बर (हि.स.)। नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज आईसी 814-द कंधार हाईजैक पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिका दिल्ली हाई कोर्ट से वापस ले ली गई है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि नेटफ्लिक्स ने इस वेब सीरीज में एक डिस्क्लेमर लगाकर कंधार हाईजैक में शामिल आतंकियों के नामों का सही विवरण बता दिया है।

यह याचिका सुरजीत सिंह यादव ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि आतंकवादियों को हिंदू नाम देकर उनकी वास्तविक पहचान को गलत नाम से पेश किया गया है। याचिका में कहा गया था कि नेटफ्लिक्स की सीरीज आईसी 814-द कंधार हाइजैक 1999 की घटना में शामिल आतंकियों की वास्तविक पहचान छिपा कर फिल्म को प्रस्तुत किया गया है।

वेब सीरीज आईसी 814-द कंधार हाइजैक 24 दिसंबर 1999 में इंडियन एयरलाइंस विमान के अपहरण की घटना पर आधारित है। इस विमान में 154 यात्री और क्रू मेंबर्स यात्रा कर रहे थे। इस विमान को काठमांडू से दिल्ली के लिए आना था लेकिन जैसे ही इस विमान ने उड़ान भरी 40 मिनट के अंदर इसे आतंकियों ने हाईजैक कर लिया। हाईजैक करनेवाले आतंकियों का संबंध पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन हरकत-उल-मुजाहिद्दीन से था। इस विमान को अफगानिस्तान के कंधार की ओर मोड़ दिया गया जो कि उस समय की तत्कालीन तालिबान के नियंत्रण में था।

विमान के हाईजैक होने के बाद आठ दिन तक चले घटनाक्रम के दौरान आतंकियों ने मौलाना मसूद अजहर, अहमद उमर सईद शेख और मुश्ताक अहमद जरगर को छोड़ने की मांग की। भारी दबाव और अपहृत यात्रियों के जान की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेयी सरकार आतंकियों को छोड़ने पर राजी हुई थी। तत्कालीन विदेश मंत्री जसवंत सिंह खुद आतंकियों को छोड़ने कंधार गए थे।

वेब सीरीज आईसी 814-द कंधार हाइजैक का निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया है, जो नेटफ्लिक्स पर 29 अगस्त को रिलीज हुई है।

इस वेब सीरीज में विजय वर्मा, नासिरुद्दीन शाह, पंकज कपूर और अन्य कलाकारों ने काम किया है। इस वेब सीरीज में आतंकियों के बारे में तथ्यों को तोड़ मरोड़ करने का आरोप है। इसमें आतंकियों के नाम शंकर और भोला हैं।

इन नामों पर आपत्ति जताते हुए कहा गया है कि आतंकियों की वास्तविक पहचान छिपाई गई है, जो इस्लामी चरमपंथी समूहों से जुड़े हुए थे।

इसे लेकर एक्स पर बायकॉट नेटफ्लिक्स हैशटैग से अभियान चलाया गया था।

## युवाओं को विकसित भारत के लिए तैयार करने की जिम्मेदारी शिक्षकों के हाथों में : प्रधानमंत्री

### -प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों से की मुलाकात

नई दिल्ली, 06 सितंबर (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण सेवा प्रदान कर रहे हैं और आज के युवाओं को विकसित भारत के लिए तैयार करने की जिम्मेदारी उनके हाथों में है। वह शुक्रवार को सात, लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 से सम्मानित शिक्षकों से बातचीत कर रहे थे।



प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभाव पर चर्चा की और अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि शिक्षक छात्रों को विभिन्न भाषाओं में स्थानीय लोककथाएं सिखा सकते हैं, ताकि छात्र कई भाषाएं सीख सकें और भारत की जीवंत संस्कृति से भी परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने विद्यार्थियों को भारत की विविधता को जानने के लिए शैक्षणिक भ्रमण पर ले जा सकते हैं, जिससे उन्हें सीखने में मदद मिलेगी और उन्हें अपने देश के बारे में समग्र रूप से जानने में भी मदद मिलेगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि पुरस्कार विजेता शिक्षकों को सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ना चाहिए और अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना चाहिए ताकि हर कोई ऐसी प्रथाओं से सीख सके, उन्हें अपना सके और उनसे लाभ उठा सके।

इस दौरान पुरस्कार विजेताओं ने प्रधानमंत्री के साथ अपने शिक्षण अनुभव साझा किए। उन्होंने सीखने को और अधिक रोचक बनाने के लिए अपने द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली दिलचस्प तकनीकों के बारे में भी बात की। शिक्षकों ने अपने नियमित शिक्षण कार्य के साथ-साथ उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के उदाहरण भी साझा किए। वहीं प्रधानमंत्री ने शिक्षकों के साथ बातचीत करते हुए शिक्षण के प्रति शिक्षकों के समर्पण और पिछले कुछ वर्षों में उनके द्वारा दिखाए गए उल्लेखनीय उत्साह की सराहना की।

## भारत अब विश्‍व का दूसरा सबसे बड़ा 5जी मोबाइल बाजार, अमेरिका को पीछे छोड़ा : रिपोर्ट

नई दिल्ली, 06 सितंबर (हि.स.)। भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी स्मार्टफोन का बाजार बन गया है, जबकि चीन अब भी पहले स्थान पर कायम है। काउंटरपॉइंट रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने 5जी स्मार्टफोन की शिपमेंट में यह उपलब्धि अमेरिका को पीछे छोड़कर हासिल किया है।

काउंटरपॉइंट रिसर्च की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक चीन के पास 5जी स्मार्टफोन बाजार का 32 हिस्सा हिस्सा है, जबकि भारत का हिस्सा अब 13 फीसदी है। वहीं, अमेरिका अब 10 फीसदी बाजार हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर आ गया है। हालांकि 5जी हैंडसेट शिपमेंट में एप्पल सबसे आगे रही, जिसकी हिस्सेदारी 25 फीसदी से अधिक है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने पहली बार अमेरिका को पीछे छोड़कर दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी हैंडसेट का बाजार बन गया है।

काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार 2024 की पहली छमाही में वैश्विक 5जी हैंडसेट शिपमेंट में 20 फीसदी (साल-दर-साल) की वृद्धि दर्ज हुई है।




इस रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर 5जी स्मार्टफोन बाजार की स्थिति का अंदाजा इस तरह लगाया जा सकता है। इसमें एप्पल वैश्विक 5जी स्मार्टफोन शिपमेंट में 25 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी के साथ सबसे आगे है, जिसमें आईफोन-15 और आईफोन-14 सीरीज की बड़ी हिस्सेदारी है। सैमसंग 21 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर है, जिसमें गैलेक्सी-अ और र-4 सीरीज की अहम भूमिका रही है। श्याओमी ने भारत में तिहरी अंकीय (ट्रिपल-डिजिट) वृद्धि दर्ज की है, जबकि मध्य पूर्व, अफ्रीका, यूरोप और चीन में भी इसे अच्छी वृद्धि मिली है।

रिपोर्ट के मुताबिक श्याओमी और वीवो जैसी कंपनियों के लिए भारत सबसे बड़ा विकास चालक बनकर उभरा है। वीवो के लिए भी भारत, चीन और अन्य एशियाई देशों के साथ प्रमुख ग्रोथ एरिया रहा है।

भारत में 5जी स्मार्टफोन की बढ़ती मांग इसे ग्लोबल लेवल पर एक अहम बाजार बना रही है।

## वैश्विक दबाव में लुढ़का घरेलू शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट

### -निवेशकों को 1 दिन में ही 5.22 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

नई दिल्ली, 6 सितंबर (हि.स.)। वैश्विक दबाव की वजह से घरेलू शेयर बाजार आज बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। लगातार तीसरे दिन शेयर बाजार ने लाल निशान में कारोबार का अंत किया। आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। शुरूआती कारोबार में लिवाली के सपोर्ट से कुछ देर के लिए शेयर बाजार रिकवरी करके हरे निशान में भी आया, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में जोरदार गिरावट आ गई। सेंसेक्स आज कुछ देर के लिए 81 हजार अंक से भी नीचे लुढ़क गया। इसी तरह निफ्टी भी 25 हजार अंक के नीचे आ गया। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.24 प्रतिशत और निफ्टी 1.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। पूरे दिन की खरीद बिक्री में ऑटोमोबाइल, ऑयल एंड गैस, टेलीकॉम, मीडिया, पीएसयू बैंक, रियल्टी और आईटी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह एफएमसीजी, मेटल ओर आईटी इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज चौतरफा बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.41 प्रतिशत टूट कर बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.96 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 460.46 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 465.68 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.22 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।



आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,034 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,412 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,534 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 88 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,412 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 629 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,783 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 4 शेयर बढ़त के साथ और 26 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 7 शेयर हरे निशान में और 43 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 30.08 अंक की कमजोरी के साथ 82,171.08 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने से ये सूचकांक रिकवरी करके हरे निशान में 82,254.79 अंक तक पहुंच गया। हालांकि थोड़ी देर बाद ही बाजार पर मंदड़ियों ने अपना दबाव बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक में गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से सेंसेक्स पहले 82 हजार अंक के स्तर से और फिर 81 हजार अंक के स्तर से भी नीचे फिसल कर 1,219.23 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 80,981.93 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि कारोबार के आखिरी आधे घंटे में खरीदारी का सहारा मिलने पर ये सूचकांक निचले स्तर से करीब 200 अंक की रिकवरी करके 1,017.23 अंक की गिरावट के साथ 81,183.93 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 51.40 अंक टूट कर 25,093.70 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर ये सूचकांक ओपनिंग लेवल से करीब 75 अंक की रिकवरी कर-के 23.65 अंक की मजबूती के साथ हरे निशान में 25,168.75 अंक तक पहुंच गया। हालांकि पहले घंटे के कारोबार में ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण निफ्टी 25 हजार अंक के स्तर से नीचे गिर कर 343.80 अंक की कमजोरी के साथ 24,801.30 अंक तक पहुंच गया। इस बड़ी गिरावट के बाद आखिरी वक्त में हुई मामूली खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी ने निचले स्तर से करीब 50 अंक की रिकवरी करके 292.95 अंक की कमजोरी के साथ 24,852.15 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया।

पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एशियन पेंट्स 1.09 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 1 प्रतिशत, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.79 प्रतिशत, डिवीज लेबोरेट्रीज 0.33 प्रतिशत और एलटी माइंडट्री 0.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 4.43 प्रतिशत, बीपीसीएल 2.37 प्रतिशत, आईटीसी 1.86 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 1.89 प्रतिशत और टाटा मोटर्स 1.85 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## सम्पादकीय

# सदन में मीडिया

सदन के भीतर मीडिया खुद को अंगीकार कर सकता है, बशर्ते उसके भीतर अपने प्रोफेशन की नैतिकता का सदन हो। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बनाम विधायक रणधीर शर्मा के रास्ते पर हिमाचल का मीडिया उस समय खड़ा मिला, जब पत्रकारिता की वास्तविकता में उसकी निष्पक्षता पर अंगुली उठी या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रा में आए ठहराव की वजह पूछी गई। यहां मीडिया पर बहस के सिर्फ दो पक्ष देखे गए, जबकि अनेक बिंदुओं पर हिमाचल के मीडिया पर एक व्यापक चर्चा की जरूरत है, क्योंकि मीडिया न तो प्रेस नोट हो सकता है और न ही प्रेस कांफ्रेंस की चाय में चुस्की भर हो सकता है। इसलिए मुख्यमंत्री अगर मीडिया के सवाल को बड़ा कर रहे हैं, तो उसका उत्तर हिमाचल की पत्रकारिता को भी देना होगा। यहां मीडिया के भ्रम में मीडिया कर्मियों का सैलाब खड़ा है, कलम की जगह मोबाइल से पाला पड़ा है। जरा गौर करें कि प्रेस कांफ्रेंस की अग्रिम पंक्ति में क्या अब पत्रकारिता की वरिष्ठता दर्ज होती है। बेशक पिछले तीन दशकों से हिमाचल की पत्रकारिता में प्रोफेशनल प्रतिस्पर्धा पैदा हुई, लेकिन यह करियर की उड़ान से पहले पत्रकारों के चरित्र में हार गई। पत्रकारिता ने कई द्वार चुन लिए, प्रवेश के लिए डिजिटल मीडिया ने कारोबार चुन लिया, जहां मीडिया के संबोधन न मिशन, न मुराद और न ही मकसद लेकर चल रहे हैं। पारंपरिक मीडिया के अपने दबाव भी हैं। खास तौर पर जो प्रकाशन हिमाचल की धरती पर पत्रकारिता का आसमान लेकर आए हैं, उन्होंने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से पांच हजार के करीब रोजगार दिया है।

अखबार अपने आप में एक आर्थिकी का संचार भी है और यह सत्य प्रदेश में स्थापित आधा दर्जन से ऊपर प्रिंटिंग प्रेस साबित कर रहे हैं। पत्रकारिता का मूल्यांकन होना चाहिए और हर दिन पाठक, दर्शक व श्रोता यही विश्लेषण निरंतर करते रहते हैं। पूरे प्रदेश के अखबार विक्रेता बता सकते हैं कि पाठकों की रुचि किस तरह की लिखावट में है, लेकिन प्रदेश में बिना टांग के भी पत्रकारिता के खत दौड़ रहे हैं। अगर पत्रकारिता सियासत की चुगलखोर बन जाए, तो फिर मूल्यांकन होगा कैसे। दरअसल हिमाचल में मीडिया के माध्यम से विशखेषण, तथ्यपूर्ण अन्वेषण और आलोचनात्मक पत्रकारिता का दबाव में दहन होने लगा है। इस दौरान पत्रकारिता का पैगाम अगर बदलते-बदलते विधानसभा सदन की चिंता में परिलक्षित हो रहा है, तो आत्म विशखेषण की राह पर मीडिया को गंगा में स्नान करना पड़ेगा। दूसरी ओर प्रिंट मीडिया के सामने ह्यमोबाइल मीडियाह्ल को जवाबदेह बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर वरिष्ठ पत्रकारों को कुछ फासले और कुछ आचार संहिता का निर्वहन कराने के लिए सामने आना होगा। विडंबना यह है कि नेताओं को भी मालूम नहीं कि उनके वीडियो में प्रदर्शित सोशल मीडिया का उबाल घातक है और इस तरह घात-प्रतिघात के लिए ह्यकुछ मेरे-कुछ तेरेह्ल पत्रकारों का चयन मीडिया की भाषा और सरोकारों को निचले स्तर तक पहुंचा रहा है। जो मुख्यमंत्री ने कहा वह एक हद तक हकीकत है और जो रणधीर शर्मा ने कहा वह पत्रकारिता की आत्मा से निकली संवेदना है। ऐसे में मीडिया को सशक्त, निष्पक्ष और प्रोफेशनल बनाने के लिए राजनीति को भी कुछ सबक और कुछ तथ्यात्मक आलोचना के घूंट पीने के लिए हिम्मत दिखानी होगी। वैसे हिमाचल विधानसभा अगर पिछले दिनों मीडिया जगत से दिवंगत हुए गौरव बिष्ट व आनंद बौद्ध को श्रद्धांजलि दे, तो मीडिया में प्रतिष्ठित होने की परंपरा को आत्मबल मिलेगा।

# गणेशोत्सवः व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक जागृति व सक्षम नेतृत्व का संदेश

रमेश शर्मा

शिवाजी महाराज से लेकर लोकमान्य तिलक तक सामाजिक जागृति के लिये गणेशोत्सव सबसे बड़ा माध्यम रहा है। उनके जन्म की कथा से गणनायक बनने तक प्रत्येक घटना व्यक्तित्व निर्माण, समाज सशक्तीकरण और कुटुम्ब समन्वय का अद्भुत संदेश है।

गणपति जी के जन्म और उनके स्वरूप को लेकर कथा है कि गणेशजी ने भगवान शिव को द्वार पर रोका और शिवजी ने उनका सिरच्छेद कर दिया। माता पार्वती के विलाप करने के बाद एक हथिनी के बच्चे का शीश लाकर पुनर्जीवित किया इसलिए उनका स्वरूप ऐसा है। प्रश्न है कि इस कथा का संदेश क्या है? भगवान शिव देवाधिदेव हैं, त्रिकालदर्शी हैं। क्या वे नहीं जान सकते थे कि यह बालक कौन है? किसके आदेश से द्वार पर है और फिर भला सृष्टि में कौन है जो उन्हें रोक सकता है? यदि भगवान शिव ने सिरच्छेद कर भी दिया तो वे पल भर में नया शीश सृजित कर सकते थे। लेकिन शीश के लिये ऐसे माता-पुत्र खोजे गये जो एक-दूसरे की ओर पीठ किये हुये हैं।

इस कथा में लोक कल्याण और लोक संचालन के अनेक संदेश हैं। सबसे पहला संदेश उन द्वारपालों के लिये है जो द्वार पर अपनी बुद्धि-विवेक का प्रयोग नहीं करते। द्वारपाल को यह बुद्धि अवश्य लगानी चाहिए कि आगंतुक कौन है और उसके साथ क्या व्यवहार करना चाहिए। आगन्तुक को परख कर उसके अनुरूप व्यवहार करना चाहिए। आधुनिक संदर्भ में तो यह विवेकशीलता अति आवश्यक हो गई है। दूसरा संदेश माता और पुत्र के लिये है। कथा में जिस हथिनी के बच्चे का शीश काट कर लाया गया, वह अपनी माँ से विमुख होकर सो रहा था और माता की पीठ भी बच्चे की ओर थी। अर्थात दोनों एक-दूसरे के विपरीत। वैदिक काल से लेकर आधुनिक विज्ञान के निष्कर्ष तक यह स्पष्ट हो चुका है कि व्यक्तित्व का निर्माण माता करती है। न केवल शरीर की पुष्टता और विकास अपितु शिक्षा और संस्कार भी। संसार में माता के साँचे में ढले बच्चे ही आसमान की ऊँचाई छूते हैं। भला उस बच्चे का भविष्य कैसे सुरक्षित रह सकेगा, जो माता से विपरीत दिशा में बढ़ रहा है और माता ने भी मुँह फेर लिया है। यह कथा इन दोनों प्रकार की मानसिकता को चेतावनी है। जो माताएँ पुत्र पर ध्यान न देतीं उनको भी और जो पुत्र माता का सम्मान नहीं करते या माता से विमुख हैं उनको भी।

### अंगों का विश्लेषण

गणेश जी गणनायक हैं। नायक अर्थात मुखिया, नेतृत्व करने वाला। जब भी किसी वस्तु को बहुत ध्यान से देखते हैं या एकाग्रता से देखते हैं तब हमारी आँखें सिकुड़ती हैं। यदि आँखे फैला कर देखेंगे तो वस्तु का आकार थोड़ा धुँधला-सा दीखता है। गणपति जी आँखे छोटी हैं। अर्थात नेतृत्व कर्ता को हर वस्तु, हर बात और हर घटना को एकाग्रता से समझनी चाहिए। एकदम पैनी नजर से। यह संदेश आँखों के छोटी होने का है।

गणेश जी सूँढ अर्थात नाक लंबी है। नेतृत्व कर्ता की सूंघने की शक्ति तीक्ष्ण होनी चाहिए। अपने परिवार में, समाज में या राष्ट्र में कहाँ क्या कुछ घट रहा, यह सब नेतृत्व कर्ता को दूर से ही सूंघ लेना चाहिए। गणेश जी के कान लंबे हैं। यानी नेतृत्वकर्ता का सूचना तंत्र तगड़ा हो और हर बात को सुनने क क्षमता होनी चाहिए। उनका पेट बड़ा है अर्थात जो भी अधिक से अधिक बात सुनी है उसे अपने पेट में डाल लेनी चाहिए। पचाने की क्षमता होनी चाहिए। ऐसा न हो कि इधर सुना और उधर सुनाया। एक सफल नेतृत्वकर्ता वही है जो अपने प्रभाव सीमा की हर घटना व हर व्यक्ति पर पैनी नजर रखे। कहाँ क्या घट रहा, उसे सूंघ ले, हर बात को सुने और अपने भीतर छिपा कर रखे। माथा चौड़ा यानी उसकी छवि प्रभावकारी होनी चाहिए।

उनका वाहन चूहा है। चूहा छोटे-से-छोटे रास्ते पर चल सकता है। पत्थरों के बीच भी मार्ग बना सकता है। अर्थात नेतृत्वकर्ता का वह तंत्र जिसके माध्यम से वह अपना प्रशासन चला रहा है, वह इतना सक्षम होना चाहिए कि वह नये मार्ग बना सके, कठिन से कठिन रास्तों को भी आसान बना सकें।

### नेतृत्वकर्ता को समन्वय की सीख

गणपति जी शिव परिवार के समन्वयक हैं। शिव परिवार विविधता से भरा है। शिवजी का वाहन नंदी है। नंदी अर्थात बैल। देवी पार्वती का वाहन सिंह। सिंह का आहार होता है बैल। कुमार कार्तिकेय के वाहन मयूर, जिनका आहार नाग है। भगवान शिव का श्रृंगार हैं नागदेव। गणेश जी का वाहन मूषक। शिवजी सिंह चर्म पर समाधि लगाते हैं। मूषकराज का वश चले तो आसन कुतर दें। फिर भी इस परिवार में टकराहट का कोई प्रसंग किसी कथा में नहीं मिलता। शिव परिवार में यह अद्भुत समन्वय गणपति जी के कारण है। वे इससे यह संदेश मिलता है कि जो समन्वयक हैं, नेतृत्वकर्ता हैं उनमें क्षमता होनी चाहिए कि वे विषम और विपरीत स्वभाव वाले लोगों के बीच भी समन्वय कर सकें। जिससे परिवार, समाज या देश के आदर्श स्वरूप में निखार हो।

नायक या नेतृत्वकर्ता की शैली, व्यक्तित्व और व्यवहार कैसा हो, यह भी गणेशजी के माध्यम से समझाया गया है। गणेशजी को लड्डुओं का भोग लगाया जाता है। लड्डू बनाने में बहुत श्रम, साधन और समय लगता है। पहले दूध से मावा बने फिर लड्डू बने अथवा पहले चने की दाल से बेसन बने, बेसन की बूंदी बने, उसमें शकर या गूड़ डालकर लड्डू बनाये जाते हैं। लड्डू खाने में जितने स्वादिष्ठ होते हैं उन्हें बनाने में उतना ही श्रम और समय लगता है। लड्डू कितना नाजुक है कि यदि वह नीचे गिर जाये तो बिखर जाता है। बेसन का एक-एक कण मिलकर बूंदी बनती है, फिर बूंदी को संगठित करके लड्डू। अर्थात एक-एक व्यक्ति को जोड़कर युग्म बनाना। नेतृत्व कर्ता को वही प्रिय जो समाज और समूह संगठित रहता है, परस्पर जुड़ कर चलने का प्रयत्न करता है। जैसे लड्डू में बूंदी या बेसन के कण-कण परस्पर संगठित रहने का प्रयत्न करते हैं। लड्डू जितना पुराना होता है उतना कठोर बनता है।

अर्थात समय के साथ परिवार और समाज संगठन का स्वरूप सघन होते रहना चाहिए। जो लोग इस मन मानस के होते हैं, वे सदैव संगठित रहते हैं। बिल्कुल लड्डू की भाँति और संगठन भाव के प्रति ऐसे सकारात्मक व्यवहार के लोग ही नेतृत्वकर्ता को पसंद होते हैं, बिल्कुल गणेश जी भाँति। चूँकि विकास और समृद्धि के लिये संगठन का यह भाव रखने वाले समूह से और इस भाव को पसंद करने वाले नेतृत्वकताओं से ही संभव होता है।

अब उनकी पसंद दूब को समझें। दूव पैरों तले रहती है, न केवल इंसान बल्कि जानवरों के पैरों तले भी। फिर भी गणपति जी को दूब पसंद है। सामान्य जन के अपने नायक के पास कुछ भेंट लेकर जाने की परंपरा है। पुराने समय में भी लोग राजाओं, ऋषियों, आचार्यों और गुरु के पास खाली हाथ नहीं जाते थे, कुछ न कुछ लेकर ही जाते थे। तब संदेश दिया गया कि आप नायक हैं और भेंट लेने के अधिकारी हैं तो आप ऐसे बनें कि सामान्य जन यदि कोई सस्ती से सस्ती वस्तु लेकर आये उसे भी ऐसे स्वीकार करो जैसे वही आपको सबसे प्रिय है। दूव से सस्ता क्या होगा। वह भी कोई लेकर आये तो उसे भी सर्वप्रिय वस्तुओं की भांति स्वीकार करो। यदि नेतृत्व कर्ता इतनी साधारण वस्तु को भी अपनी सर्वाधिक प्रिय बताता है तब इसका संदेश जन साधारण पर भी पड़ता है। वह भी दिखावट व सजावट से दूर सरल जीवन शैली की ओर प्रवृत्त होता है। दूब गणपति जी को बहुत श्रद्धा से अर्पित की जाती है। इसका संदेश है कि वरिष्ठ जनों को दी जाने वाली भेंट का मूल्य महत्वपूर्ण नहीं होता, भाव महत्वपूर्ण होता है। हमारी रिश्तेदारी में किसी अवसर विशेष पर यदि कोई सामान्य वस्तु की भेंट लेकर करता है तब भी उसमें स्नेह देखना चाहिए न कि उसका मूल्य। यही संदेश दूव और लड्डुओं का है।

इस प्रकार गणेशजी की जन्मकथा से लेकर उनके स्वरूप, शैली और भोग प्रत्येक आयाम नया संदेश देता है। गणेशोत्सव पर गणेशजी के पूजन के साथ उनके स्वरूप और शैली से संदेश लेने की आवश्यकता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# बड़े धोखे हैं इस राह में

मुकुंद

दुनिया में ऑनलाइन डेटिंग ऐप्स इस्तेमाल करने में भारत शीर्ष पांच देशों में शामिल है। इसमें संयुक्त राज्य अमेरिका पहले और चाइना दूसरे स्थान पर है। भारत में डेटिंग के लिए सर्वाधिक लोकप्रिय ऐप टिंडर, बम्बल, हप्पन और ट्रूली मैडली हैं। ऑनलाइन डेटिंग ऐप्स की चर्चा में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के महरौली इलाके का श्रद्धा हत्याकांड का जिक्र जरूरी हो जाता है। 18 मई 2022 को श्रद्धा के लिव-इन पार्टनर आफताब पूनावाला ने उसकी गला घोटकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद उसने श्रद्धा के शव को अलग-अलग टुकड़ों में काटकर ठिकाने लगाया। उसके कुबूलनामे से जुड़े तमाम साक्ष्य इकट्ठा करने के बाद पुलिस ने उसे 12 नवंबर को गिरफ्तार किया। इस हत्याकांड का जिक्र इसलिए अहम हो जाता है कि इन दोनों की दोस्ती ऑनलाइन डेटिंग ऐप्स के जरिये हुई थी।

हाल ही में फ्रांस बेस्ड एक्स्ट्रा मैरिटल डेटिंग ऐप ग्लीडेन ने बताया कि भारत में उसके 20 लाख यूजर्स हैं। ऐसे में मन में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या ऑनलाइन डेटिंग ऐप के लिए भारत में कोई कायदा-कानून है या नहीं? इसका जवाब यह है कि भारत में डेटिंग ऐप्स के रूल्स और रेगुलेशन को लेकर कोई स्पेसिफिक कानून नहीं है। माना जा रहा है कि देश में तीन करोड़ से ज्यादा लोग डेटिंग ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं। इनमें 67 फीसदी पुरुष और 33 फीसदी यूजर्स महिलाएं हैं। ऐप यूज करने वालों ऐसे यूजर्स अधिक हैं जिनका जन्म 2000 के बाद हुआ है। यह बड़ा तथ्य है कि भारत में हर साल डेटिंग ऐप्स के सब्सक्रिप्शन से 500 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई होती है। देश में दो करोड़ से ज्यादा डेटिंग ऐप्स के पेड सब्सक्राइबर्स हैं। यूजर्स पर नजर रखने वाली वैश्विक कंपनी ग्लीडेन के मुताबिक, भारत में सितंबर 2022 से यह आंकड़ा 11 प्रतिशत बढ़ा है। अधिकांश नए ग्राहक (66 प्रतिशत) टीयर 1 शहरों से आते हैं। शेष (44 प्रतिशत) टीयर 2 और टीयर 3 शहरों से आते हैं। इस कंपनी का दावा है कि ऐप्स इस्तेमाल करने वाले पुरुष और महिला दोनों इंजीनियर, उद्यमी, सलाहकार, प्रबंधक, अधिकारी और चिकित्सक जैसे पेशेवर हैं।

देश में डेटिंग ऐप्स को निजता के अधिकार के तहत रेगुलेट किया जाता है। मगर सूचना प्रौद्योगिकी (उचित सुरक्षा प्रथाओं और प्रक्रिया और संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा या सूचना) नियम, 2011 निजता के अधिकार को एनेबल करते हैं, लेकिन यह केवल क्रेडिट, डेबिट कार्ड, बॉयोमेट्रिक जानकारी, पासवर्ड, स्वास्थ्य जानकारी, मेडिकल रिकॉर्ड जैसी संवेदनशील जानकारी तक ही सीमित है। ऐसे में डेटिंग ऐप्स को अन्य जानकारी जैसे कि उम्र, लिंग, धर्म और राजनीतिक संबद्धता को संवेदनशील जानकारी की श्रेणी के रूप में रखने की जरूरत नहीं होती है। बावजूद इसके भारतीय यूजर्स चिंताओं से घिरे रहते हैं। एक्सक्लूसिव सिंगल्स क्लब जूलियो ने वैश्विक जनमत कंपनी यूगोव के साथ मिलकर भारत के आठ बड़े शहरों में 1,000 से ज्यादा एकाकी (सिंग्लस) लोगों का सर्वे किया। इस सर्वेक्षण का चौंकाने वाला तथ्य यह है कि सिंगल्स के प्रोफाइल ऑनलाइन तो मैच हो रहे हैं, लेकिन वे असल जिंदगी में एक-दूसरे से नहीं मिलते। यूजर्स 24 घंटे सुरक्षा, प्रोफाइल की सच्चाई और डेटिंग ऐप्स की जटिलता से घिरे रहते हैं। कभी-कभी तो इसका मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ता है और लोग अवसाद से घिर जाते हैं। सर्वेक्षण में यह खुलासा हुआ है कि

इन ऐप्स और वेबसाइट्स का इस्तेमाल करने वाले ती में से दो लोगों ने कभी अपने संभावित साथी से आमने-सामने मुलाकात नहीं की। यह असली जीवन में जुड़ाव की कमी को दिखाता है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, लेकिन सबसे बड़ी समस्या सही प्रोफाइल न मिलना और फेक पहचान का होना है। सर्वेक्षण में शामिल 78 फीसदी महिलाओं ने माना कि उन्हें इन प्लेटफार्मों पर फेक प्रोफाइल की समस्या का सामना करना पड़ा। इसलिए, वह चाहती हैं कि उनकी प्रोफाइल पर गोपनीयता और नियंत्रण बेहतर हो। वहीं, 74 फीसदी पुरुष और महिलाएं मानते हैं कि उनकी प्रोफाइल सिर्फ उन्हीं को दिखनी चाहिए, जिन्हें वे चुनते हैं। 82 प्रतिशत महिलाओं का कहना है कि डेटिंग या शादी के ऐप्स पर सुरक्षा के लिए सरकारी आईडी से प्रोफाइल की जांच जरूरी होनी चाहिए। सरकारों को इन प्लेटफार्मों पर होने वाले स्कैम्स को ध्यान में रखते हुए इस नियम को अनिवार्य बनाने पर विचार करना चाहिए।

इसके अलावा, युवाओं को इस प्रक्रिया में भावनात्मक और मानसिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि यह अनुभव मुश्किल और थकाने वाला हो सकता है। सर्वे में शामिल करीब आधे लोगों ने माना कि डेटिंग या शादी के प्लेटफार्मों के इस्तेमाल से उनकी मानसिक सेहत पर बुरा असर पड़ा। ऑनलाइन बातचीत की सुविधा लोगों पर पहली मुलाकात में अच्छा प्रभाव डालने का दबाव डालती है। 62 प्रतिशत ने कहा कि वे बातचीत को मजाकिया या हल्का-फुल्का रखने का दबाव महसूस करते हैं। सर्वेक्षण का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि चार में से तीन महिलाएं डेटिंग या शादी के ऐप्स और वेबसाइटों पर अपने अनुभव से खुश हैं। हालांकि, लगातार स्वाइप करते रहने से भावनात्मक थकान हो जाती है। 70 फीसद पुरुष और महिलाएं मानते हैं कि यह फीचर बेकार है और इससे उनकी परेशानियां बढ़ती हैं।

मशहूर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट और टेड एक्स की वक्ता कामना छिब्बर का कहना है कि "आजकल रिश्ते निभाना मुश्किल हो गया है। बहुत सारे विकल्प होने की वजह से एक मजबूत और खास रिश्ता बनाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। साथ ही, जब लोग एक-दूसरे से मिलने की कोशिश करते हैं तो उनकी सुरक्षा को लेकर भी खतरे होते हैं। इसलिए जरूरी है कि एक ऐसा सिस्टम बनाया जाए जो लोगों को सुरक्षित महसूस कराए, चाहे वह शारीरिक, भावनात्मक या मानसिक रूप से हो।

जूलियो के संस्थापक सीईओ वरुण सूद ने कहा, ''यह रिपोर्ट आज के युवाओं को प्यार की तलाश में होने वाली मुश्किलों को सामने लाती है। असली रिश्तों की बुनियाद आमने-सामने की बातचीत और मुलाकातों से ही बनती है। मिलने से ही बात आगे बढ़ती है। इसलिए हमने जूलियो के जरिए सिंगल लोगों के लिए एक सुरक्षित, भरोसेमंद और जिम्मेदार तरीके से प्यार पाने की प्रक्रिया को बदलने के लिए एक वैश्विक मुहिम शुरू की है।''

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

# एंटीकरप्शन टीम ने मुख्य आरक्षी को घूस लेते रंगे हाथ दबोचा

जौनपुर, 06 सितंबर (हि.स.)। एंटीकरप्शन की वाराणसी टीम ने शुक्रवार को मछलीशहर कोतवाली पर तैनात एक मुख्य आरक्षी (कम्प्यूटर आपरेटर) को 15,00 रुपये की घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर जेल भेजा। आरोपित दीवान लगभग तीन साल पहले मड़ियाहूं कोतवाली से स्थानांतरित होकर मछलीशहर आया था। इस कार्रवाई से जिले भर के थानों में खलबली मच गई है।



मछलीशहर कोतवाली के मुजार गांव निवासी अरशद अहमद भ्रष्टाचार निवारण टीम वाराणसी से फोन पर शिकायत किया था कि मछलीशहर कोतवाली पर तैनात मुख्य आरक्षी (कम्प्यूटर आपरेटर) रंजन कुमार गुप्ता उनके पासपोर्ट के आवेदन पर रिपोर्ट लगाने के एवज में 15,00 रुपये की घूस मांग कर रहे हैं। उनकी शिकायत पर शुक्रवार को दोपहर 12.38 बजे उक्त टीम के निरीक्षक राजेश यादव, नीरज कुमार सिंह, राकेश बहादुर सिंह 12 से अधिक सादी वर्दी में सिपाहियों के साथ कोतवाली परिसर के बाहर पहुंचे। पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार लिखित नम्बर के पांच-पांच सौ के दो और 100 रुपये के पांच नोट पर केमिकल लगाकर अरशद को दे रखा था। पीड़ित तय समयानुसार दीवान के पास पहुंचा। पीछे से चार पांच सिपाही सादी वर्दी में सिपाही भी आ गए। पीड़ित ने ज्यों ही दीवान के हाथों में नोट पकड़ाया पीछे, खड़े सिपाही ने दीवान को रुपये लेते दबोच लिए। अन्य अधिकारी भी तत्काल वहां पहुंच गए। उनको कमरे से बाहर लाकर हाथ धुलवाया तो पानी का रंग व हाथ लाल हो गया। टीम उन्हें लेकर सीधे सिकरारा थाने पहुंची और विधिक कार्रवाई करते हुए विभन्न धाराओं में मुकदमा पंजी कृत कर जेल भेज दिया।

## आज का राशिफल

मेष : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-6-9

वृष : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक-4-7-9

मिथुन : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

कर्क : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-1-5-7

सिंह : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-1-3-5

कन्या : आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-4-6-8

तुला : अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

वृश्चिक : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-8

धनु : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक-3-5-6

मकर : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा। शुभांक-3-4-6

कुंभ : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

मीन : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-6

# हमीरपुर रोडवेज वर्कशाप की 77 साल बाद बदलेगी तस्वीर

हमीरपुर, 06 सितम्बर (हि. स.)। हमीरपुर में परिवहन निगम डिपो और वर्कशाप की 77 साल बाद अब तस्वीर बदलेगी। इसके लिए शासन ने कई करोड़ रुपये अवमुक्त करते हुए बेतवा पुल पार कानपुर-सागर नेशनल हाइवे किनारे वर्कशाप बनाने की हरी झंडी दे दी है। यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड को बारह महीने के अंदर वर्कशाप बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। रोडवेज की वर्कशाप बनने से यात्रियों को अब बीच रास्ते खराब होने वाली बसों से छुटकारा मिलेगा।

हमीरपुर शहर में परिवहन निगम डिपो संचालित है। डिपो परिसर में ही बसों की मरम्मत के लिए एक वर्कशाप भी बना है। एक ही स्थान पर वर्कशाप और डिपो संचालित होने से यहां डिपो के सामने मुख्य मार्ग पर आए दिन जाम लगता है। जिससे आम लोगों को जाम के कारण बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। इस डिपो में करीब पांच दर्जन बसे है जो जगह की कमी केकारण बसे डिपो के बाहर हमीरपुर-कालपी मार्ग किनारे खड़ी रहती है। यहां जाम के कारण कई बार एक्सीडेंट भी हुए है। परिवहन निगम के इस डिपो से रोजाना करीब नौ हजार मुसाफिर गुजरते है। पिछले कई सालों से डिपो की वर्कशाप बनाने की मांग की जा रही थी लेकिन भूमि न मिलने के कारण डिपो के अधिकारी भी परेशान थे। आजादी के साढ़े सात दशक से परिवहन निगम के डिपो और वर्कशाप संचालित होने से यहां सबसे ज्यादा मुसीबत स्थानीय लोगों को झेलनी पड़ रही थी। अब शासन ने बड़ा फैसला लेते हुए हमीरपुर डिपो और वर्कशाप की तस्वीर बदलने की हरी झंडी दी है।

### शासन ने नेशनल हाइवे किनारे परिवहन निगम की वर्कशाप बनाने को दी हरी झंडी

हमीरपुर परिवहन निगम डिपो के एआरएम आरपी साहू ने बताया कि बेतवा पुल पार कुछेछा में कानपुर-सागर नेशनल हाइवे किनारे वर्कशाप बनाने के लिए जमीन फाइनल की गई थी जिस पर वर्कशाप के निर्माण कराए जाने की तैयारी की गई है। बताया कि वर्कशाप निर्माण होने से हमीरपुर डिपो की बसों की मरम्मत यही पर होगी। वर्कशाप बनकर तैयार होते ही डिपो के अंदर बनी वर्कशाप को हटा दिया जाएगा और पुरानी बसे नई वर्कशाप में भेजी जाएगी।

### करोड़ों रुपये की लागत से यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटिड बनाएगी वर्कशाप

हमीरपुर डिपो के एआरएम ने बताया कि शहर से करीब पांच किमी दूर कुछेछा में कानपुर-सागर नेशनल हाइवे किनारे वर्कशाप बनाने के लिए शासन से 6.90 करोड़ रुपये का बजट मिला है। वर्कशाप का निर्माण यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड कराएगा। बारह महीने में ही रोडवेज की नई वर्कशाप (कार्यशाला) बनकर तैयार हो जाएगी। बताया कि वर्कशाप के निर्माण होने के साथ ही यहां हमीरपुर परिवहन निगम के डिपो की भी तस्वीर बदली जाएगी।

# गुणकारी गुड़ से मिला है करीब 2.5 लाख लोगों को रोजगार

लखनऊ, 6 सितंबर(हि.स.)। कई औषधीय गुणों से भरपूर गन्ने से बना गुणकारी गुड़ लोगों को मिठास के साथ रोजगार भी दे रहा। हाल ही में लखनऊ मेंसीआईआई की ओर से आयोजित फार्म टू फोर्क समिट में गन्ना अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. रसप्पा विश्वनाथ ने बताया कि गुड़ से उत्तर प्रदेश में करीब ढाई लाख लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलता है।



उत्तर प्रदेश के गुड़ का क्रेज बढ़ाने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने गुड़ को मुजफ्फरनगर और अयोध्या का ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) घोषित किया। साथ ही इसकी ब्रांडिंग के लिए मुजफ्फरनगर और लखनऊ में गुड़ महोत्सव का आयोजन किया। इसमें लोगों ने 100 से अधिक तरह के गुड़ के उत्पाद देखे। सोने और चांदी के वर्क लगे गुड़ की प्रति किलोग्राम कीमत हजारों में थी। मुख्यमंत्री लगातार गन्ना किसानों को इस बात के लिए प्रेरित करते रहते हैं कि वह प्रसंस्कृत कर गन्ने के विभिन्न उत्पाद बनाएं।

अब तो गुड़ के चाकलेट, कैंडी, खीर, औषधीय महत्व की चीजों को मिलाकर कई तरह के गुड़ बनने लगे हैं। ये स्वाद में भी बेहतर हैं और स्वास्थ्य के लिए भी।

गुड़ में मिलने वाले पोषक तत्त्व गुड़ में भरपूर मात्रा में आयरन, पोटैशियम, विटामिन बी, फाइबर के अलावा मैग्नीशियम, जिंक और कॉपर आदि मिनरल्स भी पाए जाते हैं। ये सभी स्वास्थ्य के लिए उपयोगी हैं। मसलन आयरन का एक अच्छा स्रोत होने के कारण यह रक्ताल्पता (एनीमिया) को रोकने में मदद करता है। इसमें मौजूद कैल्शियम हड्डियों और दांतों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। पोटैशियम रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है।

गुड़ में उपलब्ध विटामिन बी ऊर्जा उत्पादन और तंत्रिका तंत्र के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। गुड़ में फाइबर होता है, जो पाचन तंत्र के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। गुड़ में मैग्नीशियम, जिंक और कॉपर आदि मिनरल्स होते हैं। ये शरीर के विभिन्न कार्यों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

योगी सरकार ने पहले कार्यकाल से ही गन्ना किसानों के हित को सर्वोपरि रखा योगी सरकार के पहले कार्यकाल से ही गन्ना किसानों का हित प्राथमिकता पर रहा है। इन प्रयासों के चलते बसपा और सपा सरकार में बकाये के कारण किसानों के लिए कड़वे हो चुके गन्ने की मिठास अब लौट आई है। सरकार ने गन्ना मूल्य भुगतान, गन्ने के प्रति हेक्टेयर उत्पादन, चीनी परता और कोरोना काल में सभी चीनी मिलों के संचलन के मामले में रिकॉर्ड बनाया है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूसरे कार्यकाल में गन्ना 'ग्रीन गोल्ड" बनने की राह पर है। अब तक हो चुका है 2.53 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान योगी सरकार गन्ना किसानों को अब तक 2.53 लाख करोड़ से अधिक का भुगतान कर चुकी है। गन्ना मूल्य का रिकॉर्ड एवं समयबद्ध भुगतान की पारदर्शी प्रक्रिया, प्रति कुंतल दाम में वृद्धि, खांडसारी इकाइयों के लाइसेंस प्रक्रिया का सरलीकरण जैसी नीतियों के कारण आने वाले समय में गन्ने की मिठास का और बढ़ना तय है।

मालूम हो कि प्रदेश में गन्ना किसानों की बड़ी संख्या के नाते राजनीतिक रूप से यह बेहद संवेदनशील फसल है। गन्ना मूल्य के बकाये से लेकर पेराई न होना आदि बड़ा मुद्दा बन जाता रहा है। योगी सरकार में अब यह कोई मुद्दा नहीं रहा। मार्च-2017 में योगी सरकार के आने के पहले बकाया बड़ा मुद्दा था। सरकार ने आने के साथ ही पहला फोकस भुगतान पर किया।

भुगतान के साथ नई मिलें लगीं, पुरानी मिलों का आधुनिकीकरण भी हुआ गन्ना मूल्य भुगतान के साथ ही सरकार ने सबसे ज्‍ यादा जोर पुरानी मिलों के आधुनिकीकरण और नयी मिलों की स्थापना पर दिया। इस क्रम में करीब दो दर्जन मिलों की क्षमता बढ़ायी गयी। गोरखपुर के पिपराइच, बस्ती के मुंडेरा और बागपत के रमाला में अत्याधुनिक और अधिक क्षमता की नई मिलें लगायी गयीं।

उल्लेखनीय है कि बसपा और सपा शासन काल में 2007 से 2017 के दौरान बंद होने वाली 29 मिलों के मद्देनजर नयी मिलों को खोलना और पुरानी मिलों का आधुनिकीकरण किसानों के हित में ऐतिहासिक कदम रहा ।

खांडसारी इकाइयों के नियमों में सरलीकरण

स्थानीय स्तर पर गन्ने की पेराई हो, इसके लिए 25 साल बाद पहली बार किसी सरकार ने 100 घंटे के अंदर खांडसारी इकाईयों को ऑनलाइन लाइसेंस जारी करने की व्यवस्था की। इसके दायरे में पहले से चल रही इकाईयां भी थीं। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मौजूदा समय में 284 से अधिक इकाइयों को लाइसेंस निर्गत किया जा चुका है। इनकी कुल पेराई क्षमता लगभग 15 चीनी मिलों के बराबर है।

किसानों के साथ मिलर्स का भी ख्याल उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों के साथ मिलर्स के हितों का भी ख्याल रखा। मिलर्स को चीनी का अधिक दाम मिले, इसके लिए गोरखपुर के पिपराइच और बस्ती के मुंडेरा मिलों में सल्फरमुक्त चीनी बनाने का काम भी शुरू हुआ। मिलें ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनें, इसके लिए उनमें को-जेनरेशन प्लांट भी लगाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का साफ निर्देश है कि जब तक खेत में किसानों का गन्ना है तब तक उस क्षेत्र की मिल को चलना चाहिए। चीनी मिलों की बढ़ी संचलन अवधि की वजह से गन्ने की खरीद भी बढ़ी है। गन्ने के बारे में कुछ तथ्य

उप्र देश का सर्वाधिक गन्ना उत्पादक राज्य है। देश के गन्ने के कुल रकबे का 51 फीसद एवं उत्पादन का 50 और चीनी उत्पादन का 38 फीसद उप्र में होता है। देश में कुल 520 चीनी मिलों से 119 उत्तर प्रदेश में हैं। करीब 48 लाख गन्ना किसानों में से 46 लाख से अधिक मिलों को अपने गन्ने की आपूर्ति करते हैं। यहां का चीनी उद्योग करीब 6.50 लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार देता है। गन्ने से एथनॉल उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश नंबर एक है। केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल में एथनाल का मिश्रण बढ़कर 20% किए जाने के निर्णय से भी गन्ना किसानों को लाभ होगा।

# अपराधियों का साथ देने में किसी भी न्यूनता तक जा सकती है सपा : राकेश त्रिपाठी

लखनऊ, 06 सितम्बर (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने समाजवादी पार्टी (सपा) नेताओं के मुठभेड़ में मारे गए डकैती कांड में एक लाख के इनामी बदमाश मंगेश यादव के घर जाने पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे सपा और राष्ट्रीय अध्यक्ष का अपराधियों का साथ देने वाला करार दिया है।



भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने शुक्रवार को एक वीडियो जारी करते हुए सपा और अपराधियों के गठजोड़ पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अपराधियों के साथ देने में सपा किस न्यूनता तक जाएगी। अब समाजवादी पार्टी अपराधी के घर जाकर मातमपुर्सी करना चाह रही है। पहले मुख्तार अंसारी के घर जा कर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव वहां मातमपुर्सी का काम करते हैं। अब मंगेश यादव जो एक लाख का इनामी बदमाश था, जो पुलिस पर गोलियां चलाने का दुस्साहस कर रहा था उसके यहां फातिहा पढ़ने के लिए सपा के नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद जा रहे हैं। यह सपा का जातीय प्रेम उप्र को गर्त में लेकर गया था, ये प्रदेश को फिर गर्त में ले जाना चाहते हैं।

उल्लेखनीय है कि सुलतानपुर में सरार्फा व्यवसायी के शोरूम में करोड़ों की डकैती की घटना में मुख्य आरोप जौनपुर जनपद का रहे वाला मंगेश यादव था। डकैती के बाद पुलिस ने उस पर एक लाख की इनामी घोषित किया था। गुरुवार को तड़के सुलतानपुर में यूपी एसटीएफ की इनामी मंगेश से मुठभेड़ उस वक्त हो गई जब वह डकैती का माल लेकर भाग रहा था। मुठभेड़ में मंगेश ने पुलिस पर फायरिंग की और जवाबी कार्रवाई में मारा गया। इस मुठभेड़ के बाद उप्र में सियासी पारा हाई हो गया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसे फर्जी मुठभेड़ और जाति देखकर मारने का आरोप लगाया। वहीं आज (शुक्रवार) को विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव की अगुवाई में सपा नेताओं का एक प्रतिनिधि मंडल जौनपुर में मंगेश के परिजनों से मिलेंगे। अपराधी के घर जाने को लेकर भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने सपा का अपराधी कनेक्शन करार दिया है।

## मुख्यमंत्री योगी ने बाराबंकी सड़क हादसे में हुई जनहानि पर दुख जताया

लखनऊ, 06 सितम्बर (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जनपद बाराबंकी में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बारबंकी पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के मुताबिक गुरुवार देर रात कुर्सी महमूदाबाद रोड पर थाना बड्डूपुर क्षेत्र के लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर दो कारें व एक ऑटो रिक्शा में जोरदार भिड़ंत हो गई।

इस हादसे में पांच लोगों की जान गई और कई लोग घायल हैं।

## किसी भी राज्य में खुद मूर्तियां गिरने पर अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो : मायावती

लखनऊ, 06 सितम्बर (हि.स.)। महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के मामले में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शुक्रवार को अपनी प्रतिक्रिया दी है।



मायावती ने सोशल मीडिया के एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि महाराष्ट्र की तरह अन्य किसी भी राज्य में खुद मूर्ति गिरने पर, सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। न कि इसकी आड़ में कोई राजनीति होनी चाहिए, तो यही बेहतर होगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी समुदाय व धर्म से जुड़े राजा, महाराजाओं, सन्तों, गुरुओं व महापुरुषों के किसी भी मामले में नकारात्मक नहीं बल्कि सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। इसकी आड़ में कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं।

इनकी मूर्तियों को लगाने व नाम रखने आदि का भी इस्तेमाल, सकारात्मक नजरिये से होना चाहिये, न कि इनकी आड़ में किसी भी प्रकार का द्वेष पूर्ण व राजनीतिक स्वार्थ छिपा होना चाहिए। जो अब देखने के लिए मिल रहा है। अति दुर्भाग्यपूर्ण।

## यूपी के 57 जनपदों में बनाए जा रहे सीएम मॉडल कम्पोजिट विद्यालय

लखनऊ, 6 सितंबर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार निरंतर अनूठे प्रयास कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार आगामी तीन वर्ष में प्रदेश के 57 जनपदों में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का निर्माण कर रही है। यह विद्यालय प्री प्राइमरी से कक्षा 12 तक के छात्रों के लिए होंगे। योजना के अनुसार प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर एक विद्यालय का निर्माण कराया जाएगा, जहां 3000 विद्यार्थी एक साथ अध्ययन कर सकेंगे। न्यूनतम 25 एकड़ में निर्मित होने वाले इन विद्यालयों के निर्माण में योगी सरकार की ओर से शिक्षा विभाग को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है।



मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण को लेकर जो योजना है, उसके अनुसार यहां प्री प्राइमरी (बाल वाटिका) के साथ 12वीं तक की कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप छात्र-छात्राओं के समग्र विकास पर फोकस किया जाएगा। यहां छात्रों को यूपी बोर्ड पाठ्यक्रम पर आधारित विज्ञान, गणित, वाणिज्य एवं कला वर्ग में अध्ययन का अवसर मिलेगा। इन विद्यालयों में पूर्व से कार्यरत शिक्षकों में से उत्कृष्ट शिक्षकों की प्रमाणिकता आधारित तैनाती की जाएगी।

योजना के अनुसार प्री प्राइमरी, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी कक्षाओं के लिए अलग-अलग शैक्षणिक ब्लॉक निर्मित किए जाएंगे। आधुनिक गणित, विज्ञान, प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, खेल का मैदान, स्किल लैब और केंद्रीकृत किचन का भी निर्माण होगा।

राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार विद्यालय भवन भूकंपरोधी निर्माण तकनीक, हरित ऊर्जा और ऊर्जा कुशल वास्तुकला के मानदंड पर आधारित होगा।

विद्यायलों में वर्ल्ड क्लास अवस्थापना सुविधाएं सुलभ कराई जाएंगी। इनमें प्रत्येक कक्षाकक्ष के लिए स्मार्ट क्लास, स्किल हब सेंटर, कक्षा एक से 8 के लिए कम्पोजिट विज्ञान गणित प्रयोगशाला, कक्षा 9 से 12 के लिए रसायन, भौतिकी विज्ञान हेतु मॉड्यूलर प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब एवं लैंग्वेज लैब, कक्षा एक से 8 एवं कक्षा 9 से 12 के लिए अलग-अलग पुस्तकालय, खेल का मैदान व ओपन जिम के साथ मल्टीपल एक्टिविटी हॉल की सुविधा होगी।

इसके साथ ही, सोलर पैनल एवं वर्षा जल संचयन इकाइ की स्थापना, आरओ एंड यूवी वाटर प्लांट, मिड डे मील, किचन व डायनिंग हॉल, वॉशिंग एरिया, मल्टीपल हैंडवॉशिंग यूनिट की व्यवस्था होगी।

साथ ही शिक्षक व शिक्षिकाओं के लिए अलग-अलग स्टाफ रूम भी निर्मित किए जाने की योजना है।

# 69 हजार शिक्षक भर्ती: अभ्यर्थियों ने मंत्री संजय निषाद का आवास घेरा

लखनऊ, 06 सितम्बर (हि.स.)। हाईकोर्ट डबल बेंच का आदेश आने के बाद से लगातार 69 हजार शिक्षक भर्ती के अंतर्गत नियुक्ति की मांग को लेकर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी आंदोलनरत हैं। अभ्यर्थी रोजाना किसी न किसी मंत्री के आवास घेर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के आवास का घेराव किया। यहां बड़ी संख्या में पहुंचे अभ्यर्थी जोरदार नारेबाजी करते हुए हाईकोर्ट डबल बेंच के फैसले का पालन करने व नियुक्ति दिए जाने की मांग की।




इससे पहले इन अभ्यर्थियों ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और राज्य कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के आवास का घेराव कर चुके हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि इन सभी मंत्री नेताओं ने अभी तक केवल आश्वासन दिया है किसी के आश्वासन से कोई कार्रवाई होती नहीं दिख रही।

आंदोलन व धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा कि हम ओबीसी और एससी वर्ग के नेताओं और मंत्रियों के आवास का घेराव इसलिए भी कर रहे हैं कि वह मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात कर इस मामले का समाधान कराये। हम सभी अभ्यर्थी पिछले चार साल से सड़कों पर भटक रहे हैं अब कोर्ट का फैसला आया है तो इसका पालन किया जाना चाहिए।

अमरेंद्र पटेल ने बताया कि वर्ष 2018 में यह भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी। जब इसका परिणाम आया तो इसमें व्यापक स्तर पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया गया और उन्हें नौकरी देने से वंचित कर दिया गया। एक लंबे आंदोलन और न्यायिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद बीते 13 अगस्त 2024 को लखनऊ हाई कोर्ट के डबल बेंच ने हम आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हित में फैसला सुनाया है और नियमों का पालन करते हुए अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश दिया है। लेकिन सरकार इस प्रकरण में हीला हवाली कर रही है हम चाहते हैं की सरकार जल्द से इस प्रकरण का समाधान करें और एक शेड्यूल जारी करके बताएं कि हम पीड़ितों की नियुक्ति कब की जा रही है।

पटेल ने कहा कि, कोर्ट ने 69 हजार शिक्षक भर्ती मूल चयन सूची रद्द करते हुए सरकार को तीन महीने के अंदर आरक्षण नियमों का पालन करते हुए नई सूची जारी करने का आदेश दिया है। लेकिन सरकार ने अभी तक कोई काम शुरू नहीं किया है केवल एक मीटिंग की है। हमारी मांग है कि सरकार हमारी चयन संबंधित प्रकिया का कार्यक्रम शेड्यूल जारी कर दे।

# विश्व व देश की शांति के लिए हमारी सेना युद्ध के लिए भी तैयार: राजनाथ सिंह

लखनऊ, 6 सितंबर (हि.स.)। रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि विश्व और देश में शांति के लिए भारतीय सेना को हमेशा युद्ध के लिए भी तैयार रहने को कहा है। इजराइल-फिलिस्तीन विवाद और रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का यह बयान बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दुनियाभर में कई महत्वपूर्ण देशों के बीच चल रहे शुद्ध जैसे माहौल में राजनाथ सिंह का यह बयान बताता है कि भारत कहीं ना कहीं अपने आप को इसमें शामिल मान रहा है।

रक्षा मंत्री राजनाथ शुक्रवार को अपने लखनऊ प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत कर रहे थे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को लखनऊ के खाटू श्याम मंदिर में दर्शन पूजन के लिए आए थे। यहां उन्होंने कहा कि इस तरह के छोटे-छोटे कार्यक्रमों के आयोजन में उनका अधिक आनंद आता है, क्योंकि बड़े आयोजनों में वे लोगों से मिल नहीं पाते। मगर जब भी कोई छोटा आयोजन होता है तो मुलाकात आसान हो जाती है। इसलिए मैं हमेशा कहता हूं कि बड़े आयोजनों की जगह छोटे कार्यक्रम कराए जाएं, जिससे अधिक लोगों के साथ भेंट वार्ता हो सके।

कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए राजनाथ सिंह ने बड़ा बयान दिया है। उनसे जब पूछा गया कि फिलिस्तीन-इजराइल और यूक्रेन व रूस के बीच जिस तरह की स्थिति चल रही है, उसमें क्या भारत अपने आप को किसी युद्ध के लिए तैयार मानता है। इस पर राजनाथ सिंह ने कहा कि निश्चिततौर पर भारत का उद्देश्य दुनियाभर में शांति स्थापित करने का है। मैंने अपनी सेना को यही निर्देश दे रखे हैं कि हम शांति के लिए काम करेंगे। मगर पूरी दुनिया में जिस तरह की स्थिति है, ऐसे में विश्व और भारत में शांति स्थापना को लेकर सेना को मैंने युद्ध के लिए भी तैयार रहने को कहा है। हमारी सेना किसी भी युद्ध से निपटने के लिए हमेशा तैयार है।



राजनाथ सिंह पिछले तीन दिन से लखनऊ में हैं। उनके दौरे का शुक्रवार को अंतिम दिन है। लखनऊ से सांसद व केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 4 सितंबर को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचे थे।

उन्होंने यहां कई स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लिया। शुक्रवार को खाटू श्याम मंदिर में दर्शन पूजन के बाद सिंह 11:30 बजे ऐकेडी पब्लिक स्कूल आलमबाग में आयोजित बैठक में कैंट विधानसभा के वरिष्ठजनों के साथ संवाद किया। बैठक के उपरांत एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे और अपराह्न 12:45 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

# हैलट अस्पताल पांच साल से बर्न वार्ड का कर रहा इंतजार

## – उर्सला या अन्य अस्पतालों में जाने को मजबूर हो रहे झुलसे मरीज

कानपुर, 06 सितम्बर (हि.स.)। हैलट अस्पताल में पांच साल से बर्न वार्ड का निर्माण चल रहा है, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हो सका। यह अलग बात है कि कार्यदायी संस्था ने कागजों में बर्न वार्ड का निर्माण कर दिया। बर्न वार्ड का निर्माण कार्य पूरा न होने से झुलसे मरीज उर्सला या अन्य अस्पताल में इलाज कराने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कालेज से संबद्ध हैलट अस्पताल की इमरजेंसी के सामने 2019 से बर्न वार्ड का निर्माण हो रहा है। इस बर्न वार्ड को राजकीय निर्माण निगम करा रहा है, लेकिन पांच साल बाद भी अधूरा है। बर्न वार्ड में ऑक्सीजन पैनल, ऑक्सीजन लाइन लगाने, बिजली के लिए ट्रांसफार्मर लगाने और यहां तक की इंटर लॉकिंग लगाने समेत कई कार्य अधूरे पड़े हैं। इसे लेकर कई बार हैलट अस्पताल के प्रधानाचार्य प्रो. संजय काला ने संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से वार्ता की, लेकिन निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। वहीं अपनी साख बचाने के लिए कार्यदायी संस्था ने प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन को झूठी रिपोर्ट प्रेषित कर दिया कि बर्न वार्ड की यूनिट बनकर तैयार हो चुकी है।

प्राचार्य प्रो. संजय काला ने शुक्रवार को बताया कि हैलट अस्पताल में लगभग 18 जिलों के मरीज आते हैं। बर्न वार्ड यूनिट तैयार न होने से मरीजों को जिला अस्पताल उर्सला या प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती होना पड़ता है।

यहां पर पांच साल पहले बर्न वार्ड यूनिट का निर्माण कार्य शुरू हुआ था जो आज भी अधूरा है। कार्यदायी संस्था ने झूठी रिपोर्ट प्रमुख सचिव को प्रेषित की है और कालेज अपने स्तर पर जांच रिपोर्ट तैयार कर जल्द शासन को भेज देगा। शासन से मांग की जाएगी कि जल्द बर्न वार्ड को संचालित कराया जाये। इसके साथ ही मांग की जाएगी कि बर्न वार्ड को संचालित करने के लिए स्टॉफ की भी व्यवस्था की जाये।

# वाराणसी में गंगा के जलस्तर में कमी, अब सैलानी नौकायन कर सकेंगे

## —जल पुलिस प्रभारी और नाविक समाज की बैठक, सुबह पांच बजे से शाम 06 बजे तक नौका चला सकेंगे नाविक

वाराणसी, 06 सितम्बर (हि.स.)। गंगा के जलस्तर में कमी को देखते हुए शुक्रवार को नाविक समाज को नौका चलाने की अनुमति मिल गई।



दशाश्वमेध एसीपी के निर्देश पर जल पुलिस प्रभारी मिथिलेश यादव ने नाविक समाज के साथ बैठक किया। बैठक में बताया गया कि 50 यात्रियों या उससे अधिक क्षमता वाली नावों का संचालन शाम से शुरू हो जाएगा। वहीं, शनिवार सुबह से सैलानी नौकायन कर सकेंगे। गंगा में नौका संचालन सुबह पांच बजे से शाम 06 बजे तक होगा। नाविकों को बताया गया कि सभी यात्रियों को लाइफ जैकेट अवश्य पहनाएंगे। बिना लाइफ जैकेट का कोई भी नाव संचालक अपनी मोटर का संचालन नहीं कर पाएगा। यात्रियों के सुरक्षा का विशेष ध्यान दें। चप्पू नाव अग्रिम आदेश तक के लिए प्रतिबंधित रहेगी।

पिछले कई दिनों से गंगा के जलस्तर में बढ़ाव देख कर प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से नौका संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया था। इससे नाविक समाज के सामने आर्थिक संकट और परिवार के भरण पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई थी। नाविक समाज ने गंगा के जलस्तर में लगातार घटाव को देख मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर अपनी समस्या को बताते हुए उनसे नौका संचालन के लिए गुहार लगाई थी। बैठक में प्रमोद माझी, बबलू साहनी, सरजू माझी, अजीत साहनी, बाबू राम, शंभू निषाद आदि मौजूद रहे।

उधर, केंद्रीय जल आयोग के अनुसार शुक्रवार सुबह आठ बजे तक गंगा का जलस्तर 65.88 मीटर रिकार्ड किया गया। सोमवार से ही गंगा के जलस्तर में गिरावट दर्ज हो रही है। गंगा में चेतावनी बिंदु 70.262 मीटर और खतरे का निशान 71.262 मीटर है। गंगा के जलस्तर में गिरावट के बावजूद प्रमुख घाटों पर जल पुलिस सजग है।

# बिना चिंता उपचार कराइए, पैसा सरकार देगी : मुख्यमंत्री

गोरखपुर, 6 सितंबर (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया है कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में उपचार कराएं। उपचार में जो भी पैसा खर्च होगा वह सरकार देगी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और उन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।



गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात की। एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए।

जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने सभी को भरोसा दिया कि उनकी सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी।

बात करने के दौरान भावुक हो गई एक महिला को आत्मीय संबल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, डॉक्टर से इस्टीमेट मंगवा लीजिए, इलाज का पैसा सरकार देगी। मुख्यमंत्री ने सभी से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

### माई! वृंदावन या काशी, जहां चाहो वहां करा देंगे व्यवस्था

शुक्रवार को जनता दर्शन के दौरान एक वृद्ध महिला से मुलाकात कर और उसकी समस्या जानकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काफी भावुक उठे। अपने घर वालों के उपेक्षात्मक रवैये से आहत इस वृद्ध महिला ने मुख्यमंत्री को बताया कि उम्र के इस पड़ाव में अपने ही परिवार से मिल रहा दुख वह नहीं सहन कर पा रही है।

सीएम योगी ने पूछा कि वह क्या चाहती हैं? बुजुर्ग महिला ने कहा कि उसकी इच्छा अब जीवन के बाकी बचे दिन किसी धर्मनगरी में बिताने की है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा, ह्यमाई!

वृंदावन या काशी या जहां भी रहने की इच्छा हो, बता दो। सारी व्यवस्था हम कर देंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस वृद्ध महिला की सम्मान सहित देखभाल की जाए और जिस भी जगह यह जाना चाहती हैं, वहां भेजकर रहने और अन्य जरूरतों की सभी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# कासगंज में महिला वकील की हत्या से नाराज अधिवक्ता सड़क पर उतरे, प्रदर्शन

वाराणसी, 06 सितम्बर (हि.स.)। कासगंज में महिला वकील की हत्या से यहां अधिवक्ताओं में जबरदस्त नाराजगी है। यूपी बार काउंसिल के आह्वान पर शुक्रवार को बनारस बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह व महामंत्री कमलेश यादव की अगुआई में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर अम्बेडकर पार्क कचहरी से कचहरी गेट नं. 2 तक जुलूस निकाल कर प्रदर्शन किया। जुलूस में शामिल अधिवक्ताओं ने कासगंज बार की सदस्य अधिवक्ता मोहिनी तोमर की हत्या की निंदा की और मृतक के परिवार को पचास लाख रुपये मुआवजा दिलाने, आरोपितों की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने अपनी सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की भी मांग की। बार एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने चेताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो सोमवार से सत्याग्रह करेंगे। बार एसोसियेशन ने प्रस्ताव पारित किया कि वाराणसी कचहरी में अधिवक्ताओं के वाहनों के लिए पार्किंग बनाया जाए, न्यायिक अधिकारियों के पिछले एक वर्ष के अंदर दिए गए आदेशों की जांच उच्च न्यायालय से कराया जाए, जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाया जाए।

# बलिया में नक्सली की तलाश में एनआईए का छापा

बलिया, 06 सितम्बर (हि.स.)। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की टीम जनपद में इनामी नक्सली की तलाश में शुक्रवार को छापेमारी की है। टीम ने दो नक्सलियों के ठिकानों से दो मोबाइल फोन जब्त किया है।

लखनऊ से एनआईए की तीन सदस्यीय टीम ने 18 साल से फरार चल रहे इनामी नक्सली राजकुमार वर्मा की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली क्षेत्र के सहरसपाली में छापा मारा। टीम के सदस्यों को देख नक्सली की पत्नी रोने लगी।

उल्लेखनीय है कि दो नवम्बर 2008 में सहरसपाली के सोहन सिंह की नक्सलियों ने हत्या कर दी थी। नक्सलियों ने हत्या के बाद गांव में कई जगहों पर लाल पर्चे फेंक कर हत्या की जिम्मेदारी भी ली थी। उसी मामले में एक लाख का इनामी फरार नक्सली राजकुमार वर्मा की तलाश में एनआईए टीम ने छापेमारी की है। एक साल पहले भी एनआईए ने सहरसपाली में छापेमारी की थी। एक साल से सोहन सिंह हत्या कांड में जेल में बंद नक्सली संतोष वर्मा की पत्नी ने रोते-बिलखते कहा कि एनआईए की टीम उनके घर आई थी। उनके दो-दो मोबाइल फोन और सिम अपने साथ ले गई। वह अपने बच्चों को नक्सली नहीं, अच्छा और बड़ा इंसान बनाना चाहती है। हालांकि, एनआईए की छापेमारी के बारे में पूछने पर पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने कोई जवाब नहीं दिया।

# नकली नोट छापने वाले मदरसा प्रबंधक को हाजिर होने का निर्देश

## -तीन बैंक खातों में 40 लाख रुपये, खाते सीज, आईबी जांच में जुटी

प्रयागराज, 06 सितम्बर (हि.स.)। अतरसुइया स्थित नकली नोट छापने वाले मदरसे जामिया हबीबिया मस्जिद के प्रबंधक को विकास प्राधिकरण की अनुज्ञा प्राप्त किये बिना 3000 वर्ग मीटर के कम्पाउंड में अवैध निर्माण किया गया है। इसके लिए 18 सितम्बर को हाजिर होने का निर्देश दिया गया है। प्रबंधक को प्राधिकरण में सक्षम प्राधिकारी के सामने पेश होना होगा।

पूछताछ में मदरसे के क्लर्क मोहम्मद अतीक ने खातों की जानकारी दी थी। जिसके आधार पर तीन बैंक खाते सीज कर दिये गये हैं। इन खातों में 40 लाख रुपये थे। पुलिस जांच कर रही है कि इन पैसों का आदान प्रदान कहां-कहां होता था। खाता सीज कर फंडिंग की जानकारी निकालने में पुलिस जुटी है। साथ ही बैंक अफसरों को पत्र लिखकर ट्रांजेक्शन का विवरण मांगा है। मोहम्मद अतीक ने बताया था कि मदरसे के कुल 3 बैंक अकाउंट है। तीनों बैंक अकाउंट में मिलाकर करीब 40 लाख रुपये जमा हैं। मदरसे में करीब 105 बच्चे विभिन्न राज्यों के तालीम ले रहे थे।

उल्लेखनीय है कि मदरसे में पुलिस ने छापेमारी कर नकली नोट की फैक्ट्री पकड़ी थी। पीडीए ने मदरसे में अवैध निर्माण को लेकर प्रबंधक आबिद हबीबी को नोटिस जारी किया है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) के कर्मचारी ने मदरसे के गेट पर नोटिस चस्पा किया है। नोटिस में कहा गया है कि उप्र नगर योजना और विकास अधिनियम 1973 की धारा 14 एवं 15 के आदेशानुसार विकास प्राधिकरण की अनुज्ञा प्राप्त किए बिना 3000 वर्ग मीटर के कम्पाउंड में भूतल प्रथम तल पर मदरसा एवं कमरों का निर्माण किया गया है।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बेटे की कार दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचे

रायबरेली,06 सितम्बर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बेटे की कार एक सड़क हादसे में बाल-बाल बच गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब रायबरेली में अपनी ससुराल पिछुरा से लौटते समय उनकी कार में ट्रक ने टक्कर मार दी। हालांकि गनीमत रही कि केवल कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ। हादसे के बाद उपमुख्यमंत्री के बेटे योगेश मौर्य सुरक्षित अपने घर की ओर रवाना हो गए।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार की देर शाम लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बेटे योगेश मौर्य की कार में ऊँचाहार से गुजरते समय टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक मौके से ट्रक को लेकर फरार हो गया। घटना जगतपुर थाना क्षेत्र के पास की है। कार में

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बेटे योगेश मौर्य के साथ बहू अंजली व नातिन भी सवार थी। इस हादसे में योगेश मौर्य के साथ कार सवार बहू व नातिन सभी बाल-बाल बच गए हैं।

उल्लेखनीय है कि योगेश मौर्य अपनी ससुराल से पत्नी अंजली और बेटी को लेकर प्रयागराज की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में उनकी कार हादसे का शिकार हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तत्काल जगतपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद सभी प्रयागराज के लिए रवाना हो गए।

पुलिस का कहना है कि टक्कर मारने वाले ट्रक की तलाश की जा रही है।

# सीतापुर में अधेड़ शादीशुदा प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर दी जान

सीतापुर, 06 सितम्बर (हि.स.)। रेवसा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को अधेड़ प्रेमी जोड़े का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। महिला मुस्लिम धर्म की और युवक हिन्दू धर्म के हैं। वे दोनों शादीशुदा थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अपर पुलिस अधीक्षक प्रताप कुमार ने बताया कि नकछेद(52) का गांव की ही मुस्लिम महिला सलीमून(45) करीब 12 साल से एक दूसरे से प्रेम चलता था। दोनों विवाहित थे। शुक्रवार को दोनों की लाश एक पेड़ में फांसी के फंदे के सहारे लटकी हुई मिली है। सूचना पाकर रेवसा थाना प्रभारी घनश्याम मय और अन्य पुलिस अधिकारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। घटना की जानकारी पर मृतकों के परिवार के लोग भी आ गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर घटना के संबंध में जानकारी हासिल की। बाद में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

एएसपी ने बताया कि करीब 12 साल से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी वजह से दोनों ने खुदकुशी की है। अभी तक दोनों परिवार की ओर से अपराध से संबंधित कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई। शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अगर कोई तहरीर मिलती है तो आगे की कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

# हत्यारोपी दंपति गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज पुलिस ने हत्या के 2 वांछित दंपति को गिरफ्तार किया है। दोनो को जेल भेजा है। थानाध्यक्ष वैभव कुमार सिंह थाना सिरसागंज ने पुलिस बल के साथ चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्त को पकड़ा है। दोनो उनके घर से ही गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनो के नाम वेदपाल सिंह पुत्र कालीचरन, सुनहरी देवी पत्नी वेदपाल बताए है। वह नगला अनूप थाना सिरसागंज के रहने वाले है। थानाध्यक्ष ने बताया दोनो की पुलिस को हत्या के मामले में तलाश थी। उनके खिलाफ धारा 85/103(1)/61(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज था.कार्यवाही का उनको जेल भेजा गया है।

# राष्ट्रीय पोषण माह में निकाली गई पोषण जागरूकता रैली

मेरठ, 06 सितम्बर (हि.स.)। राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर 2024 में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की पोषण जागरूकता रैली निकाली गई। एक से 30 सितम्बर तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। 2024 का मुख्य फोकस पोषण से सम्बन्धित सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन, संचार सामुदायिक, सहभागिता एवं जन जागरूकता लाने हेतु प्रचार-प्रसार कर जन मानस में पोषण स्तर में सुधार लाना है। हर वर्ष की तरह एक से 30 सितम्बर तक कार्यकत्री द्वारा विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों जैसे पोषण पढ़ाई, वजन दिवस, पोषण पचायत, पोषण रैली, स्वच्छता दिवस, अन्नप्रासन, गोद भराई बच्चों के साथ प्रतियोगिता जैसे नवजात शिशु को छह माह तक स्तनपान,



चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से शुक्रवार को राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर 2024 के अंतर्गत सांसद अरुण गोविल, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, मण्डलायुक्त सेल्वा कुमारी जे, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कटारिया एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पोषण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई गई। इस रैली में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं ने कुपोषण दूर करने की अपील की।

इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह हराष्ट्रीय पोषण माहह मनाया जा रहा है, जिसमें पोषण कैलेण्डर के अनुसार प्रतिदिन पोषण की गतिविधि आयोजित की जाएगी। पोषण माह की मुख्य थीम एनीमिया (टेस्ट, ट्रीट, टॉक), वृद्धि निगरानी, ऊपरी आहार, पोषण भी पढ़ाई भी (पीबीपीबी), बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी है।

आंगनबाडी केन्द्र पर कैलेंडर के अनुसार प्रतिदिन निर्धारित गतिविधि कर भारत सरकार द्वारा विकसित जन आन्दोलन डैशबोर्ड पर अपलोड किया जायेगा।

ग्राम स्तर पर आंगनबाड़ी साफ-सफाई तथा खान-पान में मौसमी सब्जियों के प्रयोग तथा व्यवहार परिवर्तन हेतु जनमानस को जागरूक किया जायेगा।

यह गतिविधि सभी कन्वर्जेन्स विभाग-स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, उद्यान विभाग, आयुष विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ मिलकर की जाएगी।

पोषण रैली में लगभग 300 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहायिकाओं, मुख्य सेविकाओं एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

# फूलपुर उपचुनाव को लेकर सपा ने पदाधिकारियों को दी जिम्मेदारी

प्रयागराज, 06 सितम्बर (हि.स.)। फूलपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर पहले से बनी कमेटी को और अधिक सक्रिय एवं मजबूती देने के लिए समाजवादी पार्टी के जिला एवं प्रदेश स्तर के स्थानीय पदाधिकारियों को भी सेक्टर एवं जोन स्तर पर प्रभार सौंपा गया है।

शुक्रवार को पार्टी जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन सहित वरिष्ठ नेताओं की बैठक में नये मतदाताओं के सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया में तहसील कर्मचारियों की कमी से आ रही शिथिलता पर चिंता जाहिर की। बताया गया कि निर्वाचन कार्य में लगे कर्मचारियों की कमी से ऐसा हो रहा है। आरोप है कि सपा कार्यकताओं द्वारा जमा कराये जा रहे फार्मों को स्वीकार करने में हीलाहवाली करते हैं।

सपा जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव के अनुसार पूरी विधानसभा में कुल 435 बूथ हैं। जिनकी निगरानी के लिए 43 सेक्टर एवं 7 जोन में बांटा गया है। उप चुनाव प्रभारी पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज की देखरेख में सभी सेक्टरों एवं जोन में जिले एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों को भी सहयोग करने के लिए जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी के चारों युवा फ्रंटल संगठनों एवं महिला प्रकोष्ठ, पिछड़ा प्रकोष्ठ, सैनिक प्रकोष्ठ, व्यापार प्रकोष्ठ, शिक्षक प्रकोष्ठ सहित सभी फ्रंटल के पदाधिकारियों की बैठक भी हो चुकी है।

आज पार्टी के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर, राम अवध पाल, जगदीश यादव, नाटे चौधरी, हरिश्चन्द्र यादव, हृदय मौर्य आदि नेताओं के साथ अब तक की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में फूलपुर तहसील में निर्वाचन कार्य में लगे कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग की गई है।

# तेंदुए को पकड़ने दिल्ली से वाइल्डलाइफ टीम पहुंची हापुड़, सर्च आपरेशन जारी

हापुड़, 06 सितम्बर (हि.स.)। पश्चिम उत्तर प्रदेश के हापुड़ में तेंदुए का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन नरभक्षी तेंदुआ मानवों पर हमला कर रहा है। तेंदुए की इलाके में चहल कदमी को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण लगातार तेंदुए को पकड़ने की मांग कर रहे थे। स्थानीय वन विभाग द्वारा तेंदुए को रेस्क्यू करने के लिए तमाम प्रयास किए गए लेकिन उसे पकड़ा नहीं जा सका। अब दिल्ली से वाइल्डलाइफ टीम हापुड़ पहुंची है। अब जल्द उसे पकड़ने की बात वन विभाग द्वारा किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक जनपद के गढ़मुक्तेश्वर के नवादा खुर्द गांव में इन दिनों एक तेंदुआ जंगलों से भटककर आ गया है। तेंदुआ इस तरह से इलाके में घूम रहा है, कभी भी किसी पर हमला कर देता है। इन हमलों में फिलहाल अभी तक किसी को शिकार तो नहीं बना सका है लेकिन हमलों में कई लोगों को घायल कर चुका है। इससे ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग की टीम से ग्रामीणों ने शिकायत की, जिसके बाद टीम ने इलाके में तेंदुए को हरकत और लोकेशन ट्रैक करने के लिए सर्च अभियान चलाया लेकिन उसे पकड़ा नहीं जा सका। ग्रामीणों में तेंदुओं के खौफ को लेकर भाजपा विधायक हरेंद्र तेवतिया भी गुरवार को गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। इसके बाद देर शाम दिल्ली से वाइल्डलाइफ टीम गांव पहुंची।

दिल्ली से आई वाइल्डलाइफ टीम ने वन विभाग के कर्मियों के साथ जंगल में अभियान चलाना शुरू किया। शुक्रवार को टीमों ने जंगल में ड्रोन कैमरे से तेंदुए की तलाश और सर्च आपरेशन जारी है।

टीमें ग्रामीणों से भी तेंदुए को पकड़ने में मदद ले रही हैं। कई जगहों पर जाल लगाए गए हैं लेकिन अभी पकड़ से तेंदुआ दूर है। लोगों में जान का खतरा बना हुआ है। खासकर बच्चों को लेकर उनकी चिंताए ज्यादा है।

वन विभाग के रेंजर करन सिंह ने बताया कि नवादा खुर्द गांव के आसपास के क्षेत्र में तेंदुआ घूम रहा है।

लगातार वह इस क्षेत्र में रात या शाम को देखा जा रहा है।

उसकी चहल कदमी करने के पंजों के निशान भी मिले हैं। वन कर्मियों के साथ यहां आई वाइल्डलाइफ टीम के साथ रेस्क्यू करने का प्रयास जारी है।

# किशोरी से दुष्कर्म का फरार आरोपित गिरफ्तार, गया जेल

मुरादाबाद, 06 सितम्बर (हि.स.)। सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने छह माह पूर्व किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जिला कारागार भेज दिया गया।

सिविल लाइंस क्षेत्र निवासी पीड़ित किशोरी की मां ने 19 मार्च को थाना मझोला क्षेत्र के कांशीराम नगर निवासी मुजाहिद उर्फ फैजान के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसमें आरोप लगाया था कि आरोपित उसकी बेटी को बहलाफुसला कर अगवा कर ले गया है। पुलिस ने किशोरी बरामद कर उसके बयान दर्ज कराए थे। इसके बाद पुलिस ने बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ा दी है।

थाना सिविल लाइन इंस्पेक्टर मनीष सक्सेना ने बताया कि शुक्रवार को आरोपित मुजाहिद उर्फ फैजान को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

# उप्र के बाराबंकी में भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत, तीन की हालत गंभीर

बाराबंकी, 06 सितंबर (हि.स.)। जिले के बद्दूपुर थाना क्षेत्र में देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। इस सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। अभी भी कई लोग गंभीर घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा। कुछ को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार झा व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह भारी लाव लश्कर के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों की तत्परता से मदद कराने में जुटे रहे। यह सड़क हादसा इतना भयानक था कि पुलिस अधीक्षक ने देवा, कुर्सी, फतेहपुर, जहांगीराबाद, सतरिख समेत कई थानों की पुलिस जिला अस्पताल से लेकर घटना स्थल तक लगा दी थी।



पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया गुरुवार की रात कुर्सी महमूदाबाद रोड पर थाना बद्दूपुर क्षेत्र के लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर दो कारें व एक ऑटो रिक्शा में जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में पांच लोगों के मरने की जानकारी मिली है। बताया कि जानकारी करने पर पता चला कि उमरा गांव निवासी 58 वर्षीय अजीज अहमद के सीतापुर जिले में महमूदाबाद क्षेत्र के रहने वाले एक रिश्तेदार का बृहस्पतिवार की शाम इंतकाल हो गया था। शाम को अजीज अहमद अपनी पत्नी सायरा बानो, वहिदून निशा, ताहिरा बानो, साबरीन और आठ माह की बच्ची अक्सा के साथ गांव के ही इरफान के आटो से महमूदाबाद के लिए निकले थे। जैसे ही वह इनैतरपुर के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही एक कार ने आटो में जोरदार टक्कर मारते हुए दूसरी ओर से आ रही इमेज कार से टकराती हुई तालाब में जा गिरी। टक्कर इतनी जोरदार थी आटो के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद चीख पुकार सुनकर गांव के लोग इकट्ठे हो गए। उन्होंने हादसे की जानकारी पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल आसपास की सीएचसी भिजवाया। जहां दो लोगों की मौत हो गई थी। वही गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने तीन अन्य लोगों को मृत घोषित कर दिया। घटना में कई अन्य घायलों की हालत गंभीर बनी हुई हैं।

क्रेन मंगा कर तालाब से कार निकलवाई गई। देर रात का मामला था दिन होते ही पुलिस तालाब व आस पास घटना वाले स्थान पर देख रही है कि कहीं कोई घायल पड़ा तो नहीं है। फतेहपुर की क्षेत्राधिकारी डॉ बीनू सिंह कई थानों की फोर्स के साथ अभी भी मौके पर मौजूद हैं।

फिलहाल पुलिस ने हादसे में मृत पांच शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए उनकी पहचान के आधार पर परिजनों को सूचना दी। घटना में अग्रिम कार्रवाई जारी है।

# मुकदमें की विवेचना में लापरवाही व शिथिलता बरतने के आरोप में दो सब इंस्पेक्टर निलम्बित

मुरादाबाद, 06 सितम्बर (हि.स.)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने शुक्रवार को थाना मझोला क्षेत्र निवासी 13 वर्षीय बच्चे के साथ मारपीट कर गम्भीर चोट पहुंचाने की घटना के सम्बन्ध में थाना मझोला में दर्ज मुकदमें की विवेचना में लापरवाही व शिथिलता बरतने के आरोप में दो पुलिस उपनिरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया।

थाना मझोला क्षेत्र की जयंतीपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नरेन्द्र कुमार और पूर्व में थाना मझोला क्षेत्र में तैनात रहे थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र की आशियाना चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर पवन कुमार सिंह ने थाना मझोला में नाबालिग बच्चे के साथ मारपीट कर गम्भीर चोट पहुंचाने की घटना की विवेचना में ढील बरती थी।

इसका वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने गंभीरता से संज्ञान लिया और शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से दोनों आरोपित सब इंस्पेक्टरों को निलम्बित कर दिया।

# भारत की संस्कृति मैकाले शिक्षा पद्धति में कहीं खो गई : प्रो. आनंद शंकर सिंह

प्रयागराज, 06 सितम्बर (हि.स.)। मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर, ईश्वर शरण पीजी कॉलेज द्वारा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ह्यएनईपी ओरिएंटेशन एंड सेंसिटाइजेशन प्रोग्रामह्र का आयोजन किया गया। ईश्वर शरण महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक प्रो.आनंद शंकर सिंह ने कहा कि भारत की संस्कृति हमेशा से ही बहुआयामी रही है। जो मैकाले शिक्षा पद्धति में कहीं खो गई है और अब इस व्यवस्था को पुनः संचालित करने का प्रयास किया जा रहा है।

प्राचार्य ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नई शिक्षानीति कैसे हमें बहुआयामी दृष्टि दे रही है। उन्होंने एनईपी के मुख्य विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा का मातृभाषा में होना अति आवश्यक होता है। जिससे सभी क्षेत्र के विद्यार्थी विषयों को गहराई से समझ सकते हैं। उन्होंने महाविद्यालय के प्रशिक्षण केन्द्र की गतिविधियों व उपलब्धियों के बारे में चर्चा की।

प्रथम सत्र में डॉ. आलोक गार्डियां ने हॉलिस्टिक और मल्टी डिसीप्लिनरी एजुकेशन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी के पास आज कई चुनौतियां है। इंटर डिसीप्लिनरी में दो डिसिप्लिन एक साथ मिलते हैं। मल्टी डिसीप्लिनरी शिक्षा के कई क्षेत्रों को समावेशित करता है। एनईपी ने मल्टी डिसीप्लिनरी को स्थापित किया। विद्यार्थियों को 21वीं सदी के चुनौतियों के लिए तैयार करना, मल्टीपल एंगल की समस्याओं के समाधान के लिए, पर्यावरण, आर्थिक और सामाजिक मुद्दों की चुनौती के लिए विद्यार्थियों को तैयार करना मल्टी डिसिप्लिनरी एजुकेशन के मुख्य उद्देश्य हैं। उन्होंने एनईपी 2020 के विजन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आईआईटी ने पहले ही यह कार्यक्रम आरम्भ कर दिया है।

दूसरे सत्र के वक्ता प्रो. हृषिकेश सेनापति ने लचीला पाठ्यक्रम बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य शिक्षार्थियों में आलोचनात्मक सोच, बहुमुखी प्रतिभा, समस्या समाधान, विश्लेषणात्मक समझ एवं संचार कौशल का विकास करना है, जिससे रिसर्च के अवसर उत्पन्न होते हैं और उसे बेहतर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. रश्मि जैन ने दोनों अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अन्य शिक्षक भी जुड़े थे।

# काशी नगरी में शनिवार से सप्ताह व्यापी गणपति आराधना,पंडालों में विराजेंगे भगवान गणेश

## –गणेशोत्सव में विविध सांस्कृतिक अनुष्ठानों के आयोजन, बड़ा गणेश मंदिर में पहले दिन उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

वाराणसी,06 सितम्बर (हि.स.)। भादों मास की गणेश चतुर्थी पर शनिवार को काशीपुराधिपति की नगरी में भगवान गणेश की कहीं सप्ताह भर तो कहीं पॉच दिनों तक आराधना होगी। बाबा विश्वनाथ की नगरी में हर–हर महादेव के साथ गणपति बप्पा मोरिया की भी गूंज चहुंओर सुनाई देगी। भव्य पूजा पंडालों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित होगी । वहीं,लोहटिया स्थित बड़ा गणेश दरबार के साथ अन्य गणेश मंदिरों में भी भव्य श्रृंगार, पूजन एवं आरती के कार्यक्रम होंगे। विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों की ओर से पूजा पंडालों में विविध सांस्कृतिक अनुष्ठानों के आयोजन भी होंगे। रामघाट स्थित श्री वल्लभराम शालिग्राम सांगवेद विद्यालय में शनिवार से 15 सितम्बर तक 103वें वार्षिक गणेशोत्सव की शुरूआत होगी।



महाराष्ट्र के संत बबन लक्ष्मण मस्के की अध्यक्षता में गणेशोत्सव मनाया जाएगा। गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने बताया कि उत्सव में वेदपाठ,वेद और शास्त्र के विद्यार्थियों की प्रतियोगिता परीक्षा,विद्वत परिषद,पुराण प्रवचन,हरिकीर्तन,भजन की प्रस्तुति के साथ शोभायात्रा भी निकलेगी। पहले दिन शनिवार को ही शाम को गणेश जन्म की कथा होगी। इसके पहले विद्या देवता सहित धर्मनारायण एवं गणेश भगवान का स्थापन,पूजन,गणेश सहस्त्रनाम से हवन होगा। इसी क्रम में ठठेरी बाजार स्थित शेरवाली कोठी में शनिवार को मुम्बई के सुप्रसिद्ध लालबाग के राजा की प्रतिमूर्ति विराजित होगी।

काशी मराठा गणेश उत्सव समिति की ओर से आयोजित गणेशोत्सव में विराजित होने वाले लाल बाग के राजा की प्रतिमूर्ति मुम्बई के ही मूर्तिकार दीपक कुमार ने तैयार की है। साढ़े पांच फीट की इस मूर्ति में प्राकृतिक रंगों का चयन किया गया है। मूर्ति स्थापना व पूजन में वाराणसी मंडल के कमिश्नर कौशलराज शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

समिति के वरिष्ठ संरक्षक माणिक राव पाटिल, संरक्षक संतोष पाटिल,सुहाष पाटिल, सलाहकार लालजी पाटिल, हनुमंत राव मोरे, चंद्रशेखर शिंदे, अध्यक्ष आनंद राव सूर्यवंशी, महामंत्री अन्ना मोरे, कोषाध्यक्ष हनुमान शिंदे, उपाध्यक्ष अजीत पाटिल,मुसा मुलानी राजू, सोनू पाटिल, बजरंग शिंदे, सुनील शिंदे, रवि सेठ, मंत्री विनोद जाधव, शुभम पाटिल, बसंत तामखडे, शंकर भगत, संतोष शिंदे शुक्रवार को पंडाल में पूजा की तैयारियों को अन्तिम रूप देने के लिए जुटे रहे।

# भाजपा का सदस्यता अभियान राष्ट्रवादी मिशन, जुड़कर करें गौरव की अनुभूति : सीएम योगी

गोरखपुर, 6 सितंबर (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय सदस्यता अभियान 2024 एक राष्ट्रवादी मिशन है और राष्ट्र के प्रति प्रेम करने वाले, राष्ट्रीय मूल्यों और सिद्धांतों के साथ चलने वाले हर व्यक्ति को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करनी चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र के अपने गृह बूथ (संख्या) 223 (पुराना गोरखपुर वार्ड) के लिए भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ कर रहे थे। योगी इस बूथ समिति के कार्यकर्ता भी हैं। गोरखनाथ मंदिर में आयोजित सदस्यता शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को टोल फ्री नंबर 8800002024 की जानकारी देने के साथ अपने सामने उन्हें पार्टी की डिजिटली साधारण सदस्यता दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर इस सदस्यता अभियान का शुभारंभ पहली सितंबर को हुआ है। पूरे देश के अंदर छह वर्ष पर भाजपा का सदस्यता अभियान चलता है। भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ ही पार्टी के राष्ट्रवादी मिशन से जुड़ने के इच्छुक लोग भी इसका हिस्सा बनते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। यह देश के अंदर राष्ट्रवादी मूल्यों और सिद्धांतों पर चलने वाला एकमात्र दल है।



**बूथ पर बनाएं भाजपा के अधिक से अधिक सदस्य**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिस बूथ संख्या 223 के वह कार्यकर्ता हैं और जहां मतदान करने का उन्हें अवसर मिलता है, वहां राष्ट्रवादी विचारों के लोगों के सहयोग से भाजपा हमेशा विजयी होकर जाती है। सभी बूथ कार्यकर्ताओं का प्रयास होना चाहिए कि बूथ पर अधिक से अधिक लोग भाजपा के सदस्य बनें। इसी लक्ष्य को लेकर वह लोगों के बीच स्वयं संवाद करने आए हैं।

**100 साधारण सदस्य बनेंगे सक्रिय सदस्य**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि कोई भी व्यक्ति अपने स्मार्ट फोन से टोल फ्री नंबर 8800002024 डायल करेगा तो मिस्ड कॉल होते ही वह भाजपा का डिजिटली साधारण सदस्य बन जाएगा। सदस्यता का प्रमाण पत्र मोबाइल पर आ जाएगा। उन्होंने बताया कि 100 साधारण सदस्य बनाने वाला पार्टी का सक्रिय सदस्य बनेगा और सक्रिय सदस्य ही पार्टी का पदाधिकारी बनने के लिए अर्ह होगा। साधारण सदस्यता अभियान के सत्यापन के बाद 1 अक्टूबर से सक्रिय सदस्यता का अभियान शुरू होगा।

**सदस्यता लेने वालों के साथ सीएम योगी ने ली सेल्फी**

इस अवसर पर जिन भी लोगों ने बूथ संख्या 223 पर सदस्यता ली, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके साथ खुद सेल्फी लेकर उनका उत्साह बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को हरतालिका तीज की बधाई भी दी। सदस्यता अभियान के इस कार्यक्रम में भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, पार्षद पवन त्रिपाठी और बूथ संख्या 223 के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, वीर सिंह सोनकर, दिवाकर श्रीवास्तव आदि भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# अखंड सुहाग के लिए सुहागिन महिलाओं ने रखा हरतालिका तीज का निराजल व्रत

-सोलहों श्रृंगार रचा भगवान शिव और मां पार्वती की कथा सुनी, विधि विधान से किया पूजन अर्चन, मंगला गौरी के चौखट पर टेका मत्था

वाराणसी, 06 सितम्बर (हि.स.)। काशी पुराधिपति बाबा विश्वनाथ की नगरी में पति के दीर्घ जीवन (अखंड सुहाग) की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने पूरे आस्था और उल्लास के साथ शुक्रवार को हरतालिका तीज का निराजल व्रत रखा। महिलाएं 24 घंटे बाद शनिवार को इस कठिन व्रत का पारण करेंगी।

पर्व को लेकर उत्साहित सुहागिन महिलाओं ने भोर में ही स्नान ध्यान के बाद फेनी निगलकर व्रत का संकल्प लिया। पूरे दिन निराजल रहने के बाद शाम को सोलहों श्रृंगार रचा महिलाओं ने पुष्प, धूपदीप व नैवेद्य आदि से भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन किया। घरों में शाम को तीज व्रत की कथा का श्रवण किया गया। शिव, पार्वती और गणपति की पूजा की गई। इसके पहले महिलाओं ने सिन्धिया घाट के निकट स्थित मंगला गौरी के चौखट पर हाजिरी लगाई। मंदिर के मुख्य दरवाजे से लेकर गली तक महिलाओं और उनके परिजन दर्शन पूजन के लिए कतारबद्ध रहे। मातारानी का दर्शन पूजन के बाद महिलाओं ने अखंड सुहाग और घर परिवार में सुख समृद्धि के लिए कामना की।

हुकुलगंज नई बस्ती निवासी निशा श्रीवास्तव, मीनाक्षी गुप्ता,मिताली यादव ने बताया कि काफी उत्साह से तीज का व्रत रखा है। हमारे घर में यह परम्परा चली आ रही है। इस व्रत से पति के दीर्घ जीवन के लिए भगवान शिव और मां पार्वती का आशीर्वाद मिलता है।

ज्योतिषविद मनोज उपाध्याय ने बताया कि इस व्रत को सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शंकर को पति के रूप में पाने के लिए किया था। इसी दिन मां पार्वती ने व्रत रखकर भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया था। इसलिए इस दिन शिव परिवार की पूजा का विधि विधान है।

भगवान शिव, मां पार्वती के साथ ही सुख समृद्धि के दाता श्री गणेशजी की भी पूजा अर्चना होती है।

# मंगेश की घर से उठा कर पुलिस ने कर दी हत्या :लाल बिहारी

जौनपुर, 06 सितम्बर (हि.स.)। सुल्तानपुर जिले के ज्वेलरी शॉप में डकैती की आरोपी जौनपुर के अगरौरा गांव निवासी मंगेश यादव जो एक लाख के इनामी था। उसे पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया। इस मामले में अब राजनीतिक रंग लेना शुरू कर दिया है।



इसी बीच समाजवादी पार्टी के एमएलसी व नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव की अगुवाई में शुक्रवार को सपा का एक प्रतिनिधिमंडल एनकाउंटर में मारे गए मंगेश यादव के गांव पहुंचकर परिवार वालों से मिलकर उन्हें ढांढस बधाया।

मीडिया से बातचीत करते हुए एमएलसी लाल बिहारी यादव ने इसे एनकाउंटर नहीं, बल्कि पुलिस द्वारा हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। नेता विरोधी दल ने कहा कि भाजपा सरकार में यादव और मुसलमानों को टारगेट किया जा रहा है।

मंगेश की बहन ने बताया, कि एनकाउंटर से दो दिन पूर्व पुलिस के लोग रात दो बजे घर पहुंचे और मंगेश को ले जाने लगे जब पूछा गया तो बोले पूछताछ के लिए ले जा रहे है। दूसरे दिन भी बोले पूछताछ पूरी करके छोड़ देंगे। अगले दिन थाने से फोन आया कि मंगेश की बॉडी सुल्तानपुर में पोस्टमार्टम हाउस में है।

नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने कहा कि मंगेश यादव को पुलिस घर से उठा कर ले गई। पूछताछ के नाम पर और उसकी हत्या कर दी गई। उसकी हत्या पुलिस अभिरक्षा में हुई है जो पुलिस इस हत्या में शामिल है उनके खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है।

साथ ही कहा कि डीएम एसपी को स्पीड पोस्ट से तहरीर दर्ज करने के लिए भेजा जाएगा, जिसका रिपोर्ट हाई कमान को दे दिया गया है।

साथ ही यह भी कहा कि जो अपराधी हैं वह खुले आम घूम रहे हैं और जिनके ऊपर छोटे-मोटे मुकदमे है उनका एनकाउंटर कर दिया जा रहा है। यहां के पुलिस अधीक्षक को कौन-कौन से बड़े अपराधी है, इनका लिस्ट जारी करना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मृतक की मां के आधार पर सीओ को तहरीर दे दी गयी है। जो दोषी पुलिसकर्मी है, जांच कराकर हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करें। हम उच्च स्तरीय जांच कराएंगे। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हो। मृतक के परिवार के साथ न्याय होगा। समाजवादी पार्टी इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है।

मृतक के पिता राकेश यादव ने कहा कि हमारे को पुलिस पूछताछ के लिए घर से ले जाकर उसकी हत्या की गई। हमारा बेटा कंडक्टर का काम करता था। उसके ऊपर कोई बड़ा आरोप नहीं था। पुलिस ने फर्जी ढंग से उसे एनकाउंटर दिखाकर मार दिया, इसकी जांच होनी चाहिए।

इससे पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, मंगेश यादव को दो दिन पूर्व घर से ले जाकर पुलिस ने एनकाउंटर का नाम देकर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने मंगेश के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेराफेरी करने का संदेह जताकर सर्वोच्च न्यायालय को हस्तक्षेप करने की मांग कर डाली है।

# कासगंज में महिला वकील की हत्या के विरोध में सड़कों पर उतरे वकील

बिजनौर, 06 सितम्बर ( हि.स.)` बिजनौर मुख्यालय पर सैकड़ों वकीलों ने कासगंज में आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही मुनेश कुमार, रणजीत सिंह, जावेद सईद, अंबिका सिंह, आशीष तोमर, अंकुर कुमार गौड़



महिला वकील की निर्मम हत्या के विरोध में शुक्रवार को सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन किया। वकीलों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए जजी चौक पर जाम लगाया। प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में वकीलों ने प्रदेश में वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने पर जोर दिया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल सिंह के नेतृत्व में वकीलों ने विरोध प्रदर्शन किया। महासचिव विशाल अग्रवाल, और गंगाराम सहित सैकड़ों वकील इस प्रदर्शन में शामिल रहे। वकीलों ने प्रशासन से मांग की कि कासगंज हत्याकांड के आरोपितों को फांसी की सजा दिलाई जाए। वकीलों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# महिला की चाकू से गोद कर निर्मम हत्या

देवरिया, 06 सितम्बर (हि.स.)। गौरीबाजार में एक महिला की चाकू से गोद कर निर्मम हत्या कर दी । शव धान के खेत में मिला। शुक्रवार की सुबह सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम डाग स्कायड के साथ मौके पर पहुंची। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पुलिस हत्या की जांच में जुटी है।

महुआडीह थाना क्षेत्र के रामपुर दुबे के रहने वाली सरिता दुबे (35) पत्नी स्व. नितेश उर्फ डब्लू का शव बंसहिया नहर किनारे शुक्रवार को धान के खेत में मिला। महिला के पेट व सिर पर चाकू से गोदा गया था। सूचना पर पुलिस और डाग स्कायड टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की जांच पड़ताल की। महिला की पहचान के बाद एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। महिला के दो संतानों में एक पुत्र व एक पुत्री है। पति की बहुत पहले मौत हो चुकी है।

# बौद्ध सर्किट के नए सीजन में बढ़ेंगे वियतनामी पर्यटक, संयुक्त दल ने किया दौरा

कुशीनगर, 6 सितंबर (हि.स.)। नए पर्यटन सीजन में भारतीय बौद्ध सर्किट में वियतनामी सैलानियों की संख्या में वृद्धि होगी। यात्रा के दौरान परिवहन की स्थिति, भावी योजनाओं की तैयारी और लिखेगी।

दल ने कुशीनगर के महापरिनिर्वाण मंदिर, महापरिनिर्वाण स्तूप, मांथाकुंवर मंदिर, होटल्स, राजकीय होटल, पार्किंग, कैफेटेरिया, प्रसाधन आदि की स्थिति जानी। दल ने सूचना अधिकारी डॉ. प्राण रंजन, होटल स्टाफ रितेश कुमार दुबे, सत्येंद्र सिंह, मुमताज अली, नथुनी ने दल का स्वागत किया। पर्यटन मंत्रालय के कुंदन कुमार दल को गाइड कर रहे हैं। वृहस्पतिवार को आया दल




पर्यटन आधारित आधारभूत संसाधनों की स्थिति जानने के लिए वियतनाम की मीडिया और टूर ट्रैवल्स आपरेटर्स के ज्वाइंट डेलिगेशन ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध तीर्थ स्थली कुशीनगर का दौरा किया। दल अपनी रिपोर्ट वियतनाम की सरकार को सौंपेगा। दल की रिपोर्ट के आधार पर वियतनाम की सरकार भारत सरकार को अपने नागरिकों के हितों और सुविधाओं के ध्यानार्थ पत्र बुद्धा थीम पार्क, बौद्ध विपश्यना केंद्र, बुद्धा पार्क, कैफेटेरिया, प्रसाधन, इंटरप्रिटेशन सेंटर आदि को भी देखा।

दल वियतनाम सरकार को रिपोर्ट सौंपने के अतिरिक्त वहां के नागरिकों को भारतीय बौद्ध सर्किट की यात्रा के दौरान जागरूकता कार्यक्रम भी चलाएगा।

राजकीय होटल पथिक निवास में ठहरे दल का जिला प्रशासन की तरफ से पर्यटक शुक्रवार को वाराणसी के लिए रवाना हो गया।

इस संबंध में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि बौद्ध सर्किट के भावी पर्यटन सीजन के दौरान विदेशी सैलानियों की संख्या बढ़े, इसके लिए भारत सरकार बौद्ध देशों में कार्यक्रम चला रही है। संयुक्त दल का दौरा इसी क्रम में हुआ है। इससे नए सीजन में पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि होगी।

# अवैध रूप से चल रहा पाकबड़ा का जारा अस्पताल सील

मुरादाबाद, 06 सितम्बर (हि.स.)। स्वास्थ्य विभाग की सही पाया। अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर चलता मिला।




टीम ने शुक्रवार को पाकबड़ा के जारा अस्पताल को सील कर दिया। इस दौरान अस्पताल संचालक झोलाछाप चिकित्सक मौका पाकर वहां से फरार हो गया। टीम को अस्पताल में अवैध रूप से ऑपरेशन थियेटर संचालित कर मरीजों की जान से खिलवाड़ करने की शिकायत मिली थी। इसे संज्ञान में लेकर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को अस्पताल में छापेमारी की।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से पाकबड़ा में गिरजाघर रोड स्थित जारा अस्पताल में टीम पहुंची और अस्पताल के प्रपत्रों की जांच की। इसमें पाया कि जारा अस्पताल सीएमओ कार्यालय में अस्पताल का पंजीकरण नहीं है। डिप्टी सीएमओ ने शिकायत को अवैध ओटी को सील कर वहां उपलब्ध दवाइयां जब्त कर लीं। इसके बाद अस्पताल को सील कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान आरोपित अस्पताल संचालक झोलाछाप चिकित्सक मौका पाकर वहां से फरार हो गया। डिप्टी सीएमओ की तहरीर पर आरोपित अस्पताल संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है।

वहीं, क्षेत्र में सप्ताह भर पहले भी एक अवैध अस्पताल में झोलाछाप के इलाज से एक महिला और नवजात की मौत हो गई थी।

स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को सील कर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी लेकिन उसी अस्पताल के संचालक ने नजदीक ही दूसरे स्थान पर मरीजों को देखना शुरू कर दिया। पुलिस ने वहां भी दबिश दी तो वह फरार हो गया।

# हरितालिका तीज पर लोधेश्वर महादेवा में उमड़ा जन सैलाब, सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद

बाराबंकी, 06 सितम्बर (हि.स.)। हरितालिका तीज पर शिव भक्तों का लोधेश्वर महादेवा में जन सैलाब उमड़ पड़ा। दोपहर तक करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं में की ओर आ रहे थे। ऑडिटोरियम से लेकर केसरीपुर मोड तक भारी भीड़ थी। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। मेला परिसर में नगर पंचायत रामनगर मजिस्ट्रेट व चार पुलिस क्षेत्राधिकारी सुरक्षा व कानून व्यवस्था पर नजर रखे थे। 12 एसएचओ, 14 इंस्पेक्टर, 140 उप निरीक्षक, 9 महिला उप निरीक्षक, 380 हेड कांस्टेबल



जलाभिषेक कर दर्शन पूजन अर्चन कर मनवांछित फल की कामना की। गुरुवार से ही हर हर महादेव की आवाज से महादेवा नगरी गुंजायमान हो रही है।

शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक कड़ी धूप में भी लोग लाइन में लगकर भगवान भोलेनाथ का दर्शन पूजन अर्चन कर रहे थे। प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद था।

दो दिन पहले से ही लोग कंधे पर कांवर रखकर पीले वस्त्र पहनकर भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए महादेवा विकासखंड रामनगर व सूरतगंज के सैकड़ों सफाई कर्मचारी सफाई व्यवस्था में जुटे थे। सुरक्षा व्यवस्था की कमान अपर पुलिस अधीक्षक सी एल सिन्हा स्वयं संभाले थे।

एसडीएम पवन कुमार, सीओ आलोक पाठक मेले क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। थाना प्रभारी रत्नेश पांडेय, चौकी इंचार्ज महादेवा संतोष त्रिपाठी मंदिर के अंदर की सुरक्षा व्यवस्था संभाले थे।

इसके अतिरिक्त चार एवं कांस्टेबल, 30 यातायात पुलिस, 140 होमगार्ड के साथ एक कम्पनी पीएसी सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद थी। 45 सीसीटीवी कैमरे पूरे मेला परिसर में लगाये गए थे।

जल पुलिस व आधा दर्जन गोताखोर मोटर बोर्ड के साथ अभरण सरोवर पर तैनात थे। सादी वर्दी में पुलिस कर्मी चोर उचक्को व असामाजिक तत्वों पर नजर रख रहे थे।

जलाभिषेक का क्रम जारी था जो देर रात तक चलता रहेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से सदस्यता का नया रिकॉर्ड बनेगा -गोपाल अंजान

## संगठन पर्व के रूप में चलेगा सदस्यता अभियान 2024 -घनश्याम लोधी

### मथुरा महानगर में हुआ सदस्यता अभियान का औपचारिक शुभारंभ

मथुरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदस्यता ग्रहण कर सोमवार को भाजपा सदस्यता अभियान का देशव्यापी आगाज कर दिया। इसके बाद अब इस अभियान का विधिवत शुभारंभ प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर किया गया। गुरुवार को धोली प्याऊ स्थित होटल गुरु कृपा ग्रैंड में भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी द्वारा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में आए प्रदेश परिषद सदस्य गोपाल अंजान ने राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह एवं गोवर्धन विधायक मेघश्याम सिंह को मिस कॉल के द्वारा पार्टी की सदस्यता दिलवाई।

भाजपा नेता गोपाल अंजान ने सभी से ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा इस अभियान के जरिए जो लक्ष्य का रखा गया है, उसे पूरा करें। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से इस बार सदस्यता का नया रिकॉर्ड बनेगा और भाजपा फिर विश्व की सबसे बड़ा राजनीतिक पार्टी बनेगी। राज्यसभा सांसद चौ तेजवीर सिंह ने कहा कि पार्टी अपनी रीति और नीति के साथ आगे बढ़ रही है इसलिए देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार है और आम जनता के लिए लगातार काम कर रही है।

महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता संगठन पर्व के रूप में अभियान को चलाएं। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर जनता के बीच में जाएं और आम जनता को पार्टी से जोड़ें। गोवर्धन विधायक मेघश्याम सिंह ने कहा हमारी पार्टी राष्ट्र निर्माण की पार्टी है, जबकि अन्य दलों में एक ही व्यक्ति पार्टी के पीछे लगा हुआ है। भाजपा के लिए 140 करोड देशवासी परिवार हैं।

अभियान के महानगर संयोजक संजय शर्मा ने बताया कि मथुरा महानगर को 2 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है। प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाए जायेंगे। जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी ने बताया भाजपा सदस्यता अभियान के तहत 8800002024 पर मिस्ड कॉल, नमो ऐप, वेबसाइट और क्यूआर कोड स्कैन करके कोई भी व्यक्ति सदस्य बन सकता है। अभियान दो चरणों में चलेगा। पहला चरण 25 सितंबर तक और दूसरा चरण 1 से 15 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस दौरान एमएलसी ठाकुर ओमप्रकाश, पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, पूर्व विधायक श्याम सिंह अहेरिया, करिंदा सिंह, पूर्व महापौर मुकेश आर्यबंधु, पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर, महानगर महामंत्री प्रदीप गोस्वामी, सुनील चतुवेर्दी, महानगर उपाध्यक्ष श्याम सिंघल, चंद्रपाल कुंतल, निरंजन धनगर, सुरेंद्र प्रधान, रामरतन चौधरी, सह मीडिया प्रभारी दीपांकर भाटिया, पंकज वशिष्ठ, प्रिंस गॉड, राहुल राजावत, लवांशु वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पत्नी के रवैये से आहत युवक ने खाया विषाक्त, मौत

मीरजापुर, 06 सितंबर (हि.स.)। पत्नी से विवाद के बाद युवक ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। उपचार के दौरान मंडलीय चिकित्सालय में शुक्रवार की भोर उसकी मौत हो गई। घटना संतनगर थाना क्षेत्र के पियूरी गांव की है।

पियूरी गांव निवासी सोनू (25) का पत्नी के साथ गुरुवार को विवाद हुआ था। आपसी विवाद को लेकर पत्नी थाने पहुंच गई। पत्नी के रवैये आहत पति ने गुरुवार की रात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे मंडलीय चिकित्सालय ले गए, जहां उपचार के दौरान शुक्रवार की भोर में उसकी मौत हो गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज विधिक कार्रवाई में जुटी है।

# महिला की मौत के बाद ससुराल तथा मायके पक्ष के लोगो में विवाद

*फिरोजाबाद। थाना नारखी क्षेत्र में विवाहिता की बीमारी से मौत के बाद मायका तथा ससुराल पक्ष के लोगों में कहां सुनी हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

कछपुरा निवासी नेमा देवी 26 वर्ष पत्नी महेश चंद्र काफी समय से बीमार चल रही थी। उसका प्राइवेट ट्रामा सेंटर में उपचार चल रहा था। माइक का तथा ससुराल पक्ष के लोगो ने उपचार कराया। उपचार के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई।

ससुराल पक्ष के लोग शव को गांव ले गए। मृतका का भाई प्रेमचंद कुशवाहा भी साथ में गया। ससुराल पक्ष के लोग अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगे।

वही मृतक्का के भाई का कहना था उनके पक्ष के रिश्तेदारो को भी आ जाने दो। ससुराल पक्ष के लोग जल्दी अंतिम संस्कार करना चाह रहे थे। इस बात को लेकर उन लोगों में विवाद हो गया।

काफी देर तक दोनों पक्षों के मध्य कहा सुनी होती रही। तभी भाई ने 112 पर कॉल कर दी। पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों से बातचीत की।

बाद में दोनों पक्ष के बीच समझौता हो गया। दोनो पशुओं ने शव का पोस्टमार्टम न कराने की बात कही।

# विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाना ही वैज्ञानिक का कर्तव्यः डॉ. मनीष मोहन

-आप मतदान करने जाते हैं तो जो स्याही हाथ में लगती है, क्या आपने सोचा है कि ये कहां बनी

वाराणसी,06 सितम्बर (हि.स.)। जब आप मतदान करने जाते हैं तो जो स्याही हाथ में लगती है क्या आपने सोचा है कि ये कहाँ बनी ?। यह अमिट स्याही



सीएसआईआर के लैब में बनी और आज भी प्रासंगिक है । यह बातें शुक्रवार को विज्ञान पत्रिका विज्ञान प्रगति के संपादक और सीएसआईआर के वैज्ञानिक डॉ. मनीष मोहन गोरे ने कहीं। अवसर रहा हिन्दी प्रकाशन समिति की ओर से बीएचयू जंतु विज्ञान के एस पी रॉय चौधरी सभागार में आयोजित कार्यशाला का। डॉ. गोरे ने कहा कि विज्ञान दो रूपों में प्रचलित है, पहला अनुसंधान, दूसरा शिक्षकों द्वारा लेकिन इन विधियों में विज्ञान जन-जन तक नहीं पहुंचता है। विज्ञान को सामान्य जनता तक पहुंचाने में संचार माध्यमों का बड़ा योगदान है। इसलिए वैज्ञानिकों को अपना शोध प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यमों से लोगों तक पहुँचाने में कोई गुरेज नहीं करना चाहिए। जो लोग जादू भी दिखाते हैं उसके पीछे विज्ञान ही छिपा होता है । उन्होंने इससे संबंधित नटराजन बनाम चिकमंगलूर पुलिस के रोचक केस को बताया। इसके अलावा उन्होंने विज्ञान से संबंधित कई महत्वपूर्ण बाते छात्र-छात्राओं को बतायीं। उन्होंने कार्यशाला में कई हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग कराया और विद्यार्थियों को क्लिष्ट विज्ञान को कैसे सरल भाषा में लिखा जाय को विभिन्न उदाहरणों से समझाया। डॉ. ऋचा आर्य ने अतिथि परिचय दिया। उन्होंने बताया कि डॉ. मनीष गोर सीएसआईआर में वैज्ञानिक व सहायक प्राध्यापक हैं। उन्होंने वनस्पति विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की है। सीएसआईआर निस्पर में वह विज्ञान संचार विभाग के अध्यक्ष हैं। डॉ. मनीष 15 वर्ष की आयु से ही विभिन्न माध्यमों में लेखन का कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2021 में उन्हें राजभाषा गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 2016 में उन्हें प्यारेलाल विज्ञान लेखन सम्मान 2015 में शिक्षा पुरस्कार 2013 में शताब्दी सम्मान पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यशाला का संचालन डॉ. चंद्र शेखर पति त्रिपाठी और धन्यवाद ज्ञापन समिति के समन्वयक प्रो. ज्ञानेश्वर चौबे ने किया।

# पत्नी के हत्यारा प्रवीण पांडेय का घिनौना कृत्य, लोग हैरान

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़। जिले के कुंडा क्षेत्र में सिरप में जहरीला पदार्थ मिलाकर पत्नी की हत्या करने वाले प्रवीण पांडेय के घिनौने कृत्य से लोग स्तब्ध हैं। प्रवीण और उसकी पत्नी सन्नू के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। पत्नी को भरोसा दिलाने के लिए उसने वही जहरीली सिरप अपनी मां को भी पिला दी, लेकिन सन्नू को दी गई सिरप की मात्रा अधिक होने के कारण उसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।महिला के भाई नीरज मिश्रा की शिकायत पर प्रवीण के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।यह घटना प्रतापगढ़ के कुंडा के हथिगवां इलाके के सरैंया प्रवेशपुर की है। प्रवीण पांडेय की शादी 2017 में अहिबरनपुर गांव की सन्नू देवी से हुई थी। शादी के बाद उनके एक बेटा और एक बेटी भी हुए। कुछ समय बाद प्रवीण का किसी अन्य महिला से प्रेम संबंध हो गया। जब सन्नू को इसका पता चला, तो उसने कई बार प्रवीण को समझाने की कोशिश की, लेकिन प्रवीण अपनी प्रेमिका के साथ संबंध जारी रखा।मृतका के भाई नीरज मिश्रा ने बताया कि प्रवीण ने पहले भी सन्नू को मारने की कोशिश की थी। उसने बाथरूम के पास एक बिजली का तार छोड़ दिया था, जिससे करंट आ रहा था। किसी तरह से उस समय सन्नू की जान बचाई गई। जब सन्नू ने प्रवीण से इस बारे में सवाल किया, तो उसने बात को टाल दिया। सन्नू उस समय ठीक हो गई, लेकिन प्रवीण लगातार उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाता रहा। इस बार उसने सिरप में जहर मिलाकर सन्नू को मार डाला।

राखी बांधने वाली से किया प्रेम

हैरान करने वाली बात यह है कि प्रवीण को जिससे प्रेम हुआ, उसी महिला से उसने राखी भी बंधवाई थी। प्रवीण कुरियर का काम करता है। इससे पहले वह कुंडा में एक लड़की को ट्यूशन पढ़ाता था, और उसी दौरान उनके बीच प्रेम संबंध बने और वे लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे।पुलिस ने प्रवीण के घर से कीटनाशक की शीशी बरामद की है। एसएचओ हथिगवां नंदलाल ने बताया कि प्रवीण ने इसी कीटनाशक को सिरप में मिलाकर सन्नू को पिलाया था।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दिव्यांग युवक की मौत

फिरोजाबाद थाना मक्खनपुर क्षेत्र के नया बाईपास स्थित साती पुल के समीप शुक्रवार को अपराहन अज्ञात वाहन की टक्कर से एक दिव्यांग युवक घायल हो गया जिसे उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया

थाना मठसेना क्षेत्र के गांव नगला मवासी निवासी 33 वर्षीय दिव्यांग सतीश चंद्र पुत्र नाहर सिंह अपने भतीजे मयंक राजपूत के साथ थाना मक्खनपुर क्षेत्र के नया बाईपास स्थित साती पुल पर वाहन का इंतजार कर रहा था तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसमें टक्कर मार दी जिसके फल स्वरुप वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसका भतीजा मयंक राजपूत उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आया जहां चिकित्सक ने भरती कर उसका उपचार शुरू कर दिया परंतु कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया शव को विच्छेदन ग्रह में रखवाने के बाद सूचना पुलिस को भेजी है

# नाले से एक किशोर का शव बरामद

प्रमोद श्रीवास्तव

फरुर्खाबाद। जिले के मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में आज एक नाले से, एक किशोर का शव बरामद किया गया।

पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के मोहल्ला रकाबगंज खुर्द का निवासी पिंकू उम्र करीब 16 वर्ष, शहर की तिकोना चौकी मस्जिद समीपवर्ती एक परचून की दुकान पर काम करता था। कल बुधवार सायकॉल वाद दुकान से काम करके,यह किशोर युवक अपने घर गया। बताया जाता है कि इसके बाद घर से इस किशोर युवक को कोई बुला ले गया और रात में घर वापस न लौटने पर उसके परिवारी जनों ने खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चलता सका।

आज प्रात गुरुवार को जब राहगीर घटनास्थल थाना मऊ दरवाजा के काशीराम कॉलोनी, हैवतपुर गढ़िया समीपवर्ती पुलिया नाले के पास से गुजरे तो इस नाले में एक किशोर युवक का शव पडा देखा गया।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ,नाले से किशोर युवक का शब बाहर निकलवाया तो मोहल्ला रकाबगंज खुर्द निवासी 16 वर्षीय पिंकू के रूप में पहचान की गई । पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरूकी तथा शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पतालफतेहगढ़कोभिजवाया।

प्रभारी निरीक्षक भोलेंद्र चतुवेर्दी ने बताया किशोर युवक के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने तथा जाच उपरांत ही कैसे मृत्यु हुई ज्ञात हो सकेगा।

# विधायक मोना की बेटी ने लंदन में लहराया सफलता का परचम, उपाधि मिलने से हर्ष का माहौल

## लंदन यूनिवर्सिटी से मीडिया एण्ड कम्युनिकेशन में मिली मेधावी को समारोहपूर्वक उपाधि

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़। विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की बेटी नंदजा मिश्रा ने लंदन में मेधा का परचम लहराया है। लंदन यूनिवर्सिटी के गोल्डस्मिथ कालेज से नंदजा ने मीडिया एण्ड कम्युनिकेशन में ग्रेजुएशन की उपाधि सर्वोत्कृष्ट अंक के साथ हासिल कर मेडल के जरिए देश का भी मान बढ़ाया है। नंदजा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की पौत्री भी हैं। लंदन में हुए ग्रेजुएशन सेरेमनी में नंदजा को समारोहपूर्वक उपाधि एवं मेडल तथा प्रशस्ति पत्र पर स्वर्ण चिन्ह मिलने से शुक्रवार को यहां खुशी देखी गयी। वहीं भारतीय परिधान में उपाधि ग्रहण करने के बाद नंदजा ने मंच से जय हिन्द बोला तो समारोह में मौजूद विधायक आराधना मिश्रा मोना एवं बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीयों का समूह भी तालियों की गडगडाहट में गदगद हो उठा दिखा। सेरेमनी में शामिल होने लंदन गयी विधायक आराधना मिश्रा मोना बेटी की स्वर्णिम सफलता पर गदगद विधायक मोना ने कहा कि इससे सशक्तीकरण के क्षेत्र में उन्हें हर्ष एवं गर्व की अनुभूति हुई है।

वहीं शैक्षिक क्षेत्र में बेटी के लंदन में सर्वोत्कृष्ट अंक के साथ सफलता पर पिता एवं पर्यावरणविद अम्बिका मिश्र ने भी उपलब्धि को गौरवपूर्ण कहा है।

नंदजा ने इण्टरमीडिएट की शिक्षा लखनऊ के लोरेटो कालेज से हुई। नंदजा को लंदन में उपाधि की जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है। इधर विधायक पुत्री की कामयाबी को लेकर शुक्रवार को यहां भी समर्थकों में खुशी देखी गयी।

नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी, बहुगुणा पीजी कालेज की अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा मिश्रा, डॉ. श्यामदुलारी सिंह, पूर्व जिपंस हुमा महमूद, प्रधानाचार्या शोभा श्रीवास्तव, प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, पूर्व प्रधानाचार्य भगवती प्रसाद तिवारी आदि ने कहा कि नंदजा ने लंदन में मेधा के क्षेत्र में भारतीय प्रतिभा का सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का मान बढ़ाया है।

# हरतालिका तीज पर पति की लम्बी उम्र को लेकर रखा उपवास

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़। हरतालिका तीज पर शुक्रवार को महिलाओं ने पति की लम्बी उम्र को लेकर उपवास रखा। पौराणिक स्थली बेलखर नाथ , हौदेश्वरनाथ बाबा घुइसरनाथ धाम में सुबह से ही श्रद्धालु महिलाएं दर्शन पूजन व जलाभिषेक में पंक्तिबद्ध दिखीं। महिलाओं ने देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक कर मां पार्वती से अमर सुहाग का वरदान भी मांगा। हरतालिका तीज के पर्व को लेकर शिव मंदिरों में साफ सफाई के साथ फूलों का श्रृंगार भी आकर्षक दिखा। लालगंज के हरिहरमंदिरम, देउम के बूढ़ेश्वरनाथ धाम समेत धार्मिक स्थलों पर महिलाओं का दर्शन पूजन का सिलसिला दिन भर उत्साह में देखा गया। वहीं बाजार में हरतालिका को लेकर मिठाई व फल, खीरे तथा पान सुपारी की भी खरीददारी जोरों पर दिखी।

# पुलिस ने चोरी की घटना का सम्पूर्ण मॉक ड्रिल किया

फिरोजाबाद। एस एसपी सौरभ दीक्षित ने शुक्रवार परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों थाना प्रभारी को अवगत कराया।

थाना प्रभारी मय पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर ने घटना के खुलासे को अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में 2 पुलिस टीमों का गठन किया।



को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु परेड ग्राउण्ड में दौड़ लगवाई।

उन्होंने चोरी की घटना का सम्पूर्ण मॉक ड्रिल करवाया। जिसमें पुलिस को चोरी की सूचना डायल 112 के माध्यम से प्राप्त हुई ।

डायल 112 पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर घटनास्थल को सुरक्षित करते हुए सम्बन्धित घटनास्थल का निरीक्षण किया। उच्चाधिकारियों को चोरी की घटना के सम्बन्ध में अवगत कराया।

फील्ड यूनिट टीम व डॉग स्कॉवड द्वार मौके पर पहुँचकर साक्ष्य संकलन एवं फोटो, वीडियोग्राफी की कार्यवाही की।

तहरीर प्राप्त कर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गया ।

परेड के पश्चात उन्होंने पुलिस लाइन क्वार्टर गार्ड, लाइब्रेरी, कैंटीन, स्टोर, परिवहन शाखा, भोजनालय, आटाचक्की, बारबर शॉप, पुलिसकर्मियों के बैरक, फैमिली लाइन, निमार्णाधीन इमारतों आदि का निरीक्षण किया। सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये ।

# शहर में बढ़ते ई रिक्शा और ऑटो की संख्या से आमजन परेशान

## यातायात पुलिस आर टी ओ विभाग दोनों मौन

फिरोजाबाद, नगर में ई रिक्शा और ऑटो चालकों ने आम जनता का राह चलना दुशवार कर दिया है इनके चालक इच्छानुसार अपने अपने देखने मे आती है, आये दिन शहर में कम से कम 10-15 ई रिक्शा सड़क पर दौड़ने लगते है, नगर में लगभग 10 से 15 हजार ऑटो व ई रिक्शा इस नगर निगम को खड़ा कर लेते है, जिसके कारण ग्राहकों को अपने वाहन खड़ा करने में दिक्कत होती है।

गौरतलब है , ज्यादातर ई रिक्शा को नाबालिग बे खौफ



वाहनों को रोककर मनचाही जगह खड़ा कर देते है जिसके कारण जाम की स्थिति पैदा हो जाती है और लोगो का पैदल निकलना दूभर हो जाता है

स्मार्ट सिटी की जनता व दुकानदार नगर में बढ़ते ऑटो व ई रिक्शाओं के कारण लगने वाले जाम व अव्यवस्थाओ के कारण काफी परेशानी का सामना कर रहे है। लेकिन उनकी समस्या पर किसी का ध्यान नही है।

अक्सर देखने मे आता है, कि ई रिक्शाओं को चलाने के लिये किसी भी तरह का कोई लाईसेंस लेने की जरूरत नही क्षेत्र में सुबह से शाम तक दौड़ते नजर आते है, जिसके कारण शहर के मुख्य चौराहो के अलावा सर्विस रोड , जलेसर रोड, हनुमान रोड, सदर बाजार सहित अन्य स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। और चौराहो पर लगी यातायात पुलिस मूक दर्शक बनी देखती रहती है। अगर ये ई रिक्शा चालक किसी को टक्कर मार दे तो इनके ऊपर किसी प्रकार का रजिस्ट्रेशन नम्बर न होने की बजह से कोई कार्यवाही भी नही होती है। बाजारों के दुकानदारो का कहना है, कि इनके चालक दुकानों के आगे अपने ऑटो व ई रिक्शाओं होकर और उसमे लगा साउण्ड को तेज आबाज में बजाते हुए फरार्टा मारते है। लेकिन उन के खिलाफ कार्यवाही नही की जाती। मामला यही तक सीमित नही है, इतनी बड़ी संख्या में चल रहे ई रिक्शाओं की बैटरी चार्जिंग के लिये नगर में कही भी कोई चार्जिंग स्टेशन आदि की सुविधा नही है, कुछ दिन पूर्व विद्युत विभाग द्वारा बिजली चैकिंग के दौरान हुमायूंपुर में अवैध रूप से चार्ज होते हुए कुछ ई रिक्शाओं को पकड़ा था, लेकिन विद्युत विभाग द्वारा केवल उनके चार्जर आदि को ही जब्त कर खानापूरी की गयी थी।

# बजरंग दल के जिलाध्यक्ष पर जानलेवा हमला करने वाले 25 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज दो आरोपी गिरफ्तार

फिरोजाबाद, थाना नारखी क्षेत्र के गाँव नारखी धौकल में लेने गये थे। तभी उनके ऊपर शकील खाँ और जीतू खाँ चोटे आयी, पुलिस ने जिलाध्यक्ष द्वारा दी गयी,



बजरंग दल के जिलाध्यक्ष पर किये गये जानलेवा हमले में 25 लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज दो हमलावर गिरफ्तार

गाँव नारखी धौकल निवासी बजरंग दल के जिलाध्यक्ष शुभम प्रताप सिंह पुत्र चन्द्रभान सिंह गुरुवार की शाम करीब 4 बजे जगदीश शीतगृह पर आलू का पैकेट इनके पिता हनीप खाँ पुत्र गुलशेर खाँ अच्छय और राज खाँ ,बबलू , चाँद बाबू, संजय, सोनू खाँ, शाहिद , मुजीम खाँ, नशीर, इकराम के अलावा करीब 1 दर्जन अज्ञात व्यक्तियों ने सरिया फरसा से जान से मारने की नीयत से हमला बोल दिया।

जिससे उनके सिर में काफी तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घायल का डॉक्टरी परीक्षण सरकारी ट्रामा सेंटर में कराया है।इसके पश्चात पुलिस ने दो हमलावरों जिनके नाम शाहिद पुत्र लाल मोहम्मद , बबलू पुत्र नूर मोहम्मद निवासी नारखी धौकल को गिरफ्तार कर लिया है, शेष हमलावरों की तलाश जारी है।

# करंट लगने से हुई भैंस की मौत, आक्रोश

जसराना। कस्बा के मोहल्ला टीकतपुरा में चरते समय करंट लगने से भैंस की मौत हो गई। भैंस की मौत होने से पशुपालक के साथ अन्य लोगों में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलने पर पुलिस एवं हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी ली। लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। थाना जसराना के मोहल्ला टीकतपुरा निवासी रामवीर सिंह परिहार की भैंस पास में ही मौजूद खेतों में घास खा रही थी। इसी दौरान खेत पर लगे ट्रांसफार्मर से निकलने वाले तारों से भैंस छू गई। तारों में आ रहे करंट लगने से मौके पर ही भैंस की मौत हो गई। भैंस की मौत की जानकारी मिलने पर पशुपालक के साथ अन्य लोग एकत्रित हो गए। लोगों ने विभाग को सूचना देकर बिजली को कटवाकर भैंस को अलग किया। वहीं जानकारी मिलने पर हल्का लेखपाल ने नुकसान का आंकलन किया। लोगों ने बताया कि ट्रांसफार्मर से तार निकल रहे हैं। जिन्हें कहीं नहीं लगाया गया है। तारों की प्लास्टिक हटने से उनमें करंट दौड रहा है। विभाग को अवगत कराने के बाद भी उन्हें सही नहीं कराया गया है।

## लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के दो दोषियों को 5 -5 वर्ष का कारावास

फिरोजाबाद। न्यायालय ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के दोषी को 5 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। उस पर अर्थ दंड भी लगाया। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

थाना नारखी क्षेत्र में 31 मार्च 2016 को 15 वर्षीय किशोरी को सत्येंद्र उर्फ जितेंद्र उर्फ कालू पुत्र बाबूराम जाटव तथा जीतू पुत्र महावीर भगा कर ले गए। दोनों जाटऊ के रहने वाले हैं।

किशोरी के पिता ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने उनके खिलाफ न्यायालय में दोनो के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट संख्या एक अवधेश कुमार सिंह की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक अवधेश भारद्वाज ने बताया मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष न्यायालय के सामने प्रस्तुत किए गए।

गवाहों की गवाही तथा साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने सत्येंद्र उर्फ जितेंद्र उर्फ कालू उर्फ शीलेंद्र व जीतू को दोषी माना। न्यायालय ने दोनो को 55 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने सतेंद्र पर 13 व जीतू पर 8 हजार का अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर दोनो को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## मजबूती के साथ संतो के सानिध्य में लड़ी जाएगी कृष्ण जन्मभूमि की लड़ाई=दिनेश शर्मा

### रंग जी मंदिर के श्री महंत श्री गोवर्धन रंगाचार्य महाराज सहित 11 संतो को संरक्षक नियुक्त कर दी जिम्मेदारी

मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि ईदगाह विवाद में हिंदू पक्षकेर दिनेश शर्मा ने राष्ट्रीय सलाहकार समिति के आवाहन पर रंगनाथ मंदिर के श्री महंत गोवर्धन रंगाचार्य सहित प्रसिद्ध 11 विद्वान संतो को राष्ट्रीय संरक्षक सलाहकार नियुक्त किया है जो श्री कृष्णा जन्मभूमि मुकदमे में अपनी विद्वता से हर संभव मदद करेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर गवाह के रूप में हाई कोर्ट में उपस्थित रहेंगे

दिनेश शर्मा ने बताया कि भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण जन्मभूमि की लड़ाई पहले सोपान पर चल रही है पहले मजबूत कदम से ही संपूर्ण मुकदमे की पैरवी ठोस की जा सकती है इसके लिए संत विद्वानों, का न्यास में होना परम आवश्यक है।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं बिहारी लाल वशिष्ठ, राष्ट्रीय संत डॉ आदित्यानंद जी महाराज ने कहा कि कहा कि सभी संप्रदायों , अखाड़ा परिषद, निमार्णी अखाड़ा, तीर्थ पुरोहित परिषद, एवं पांडा सभा के विद्वान धमार्चार्य को शामिल किया गया है

यह अभियान आगे भी चलेगा इसके तहत जैन , एवं सिख समुदाय को जोड़ा जाएगो राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पाठक,

प्रदेश मीडिया प्रभारी रिचा शर्मा, महानगर अध्यक्ष नरेश ठाकुर, विश्व हिंदू परिषद नेता जयराम शर्मा, पंडित लाल जी भाई शास्त्री, महंत लाडली शरण दास जी महाराज, महंत रामशरण दास जी महाराज, ब्रह्मकेश्वर जी महाराज, ज्ञानचरण दास जी महाराज, मोहनलाल त्यागी आदि उपस्थित थे

# फिरोजाबाद के रेलवे स्टेशन, खान पान में प्रदेश में होंगे अव्वल।

## ईट राइट स्टेशन बनाये जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ

एफ.एस.एस.ए.आई, भारत सरकार की गाइडलान के अनुरुप, आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में जनपद के 03 रेलवे स्टेशनों (टूण्डला, शिकोहाबाद एवं फिरोजाबाद) को ईट राइट स्टेशन घोषित किये जाने हेतु चयनित कर लिया गया हैं।

चन्दन पाण्डेय, सहायक आयुक्त (खाद्य), फिरोजाबाद के निर्देशन में रेलवे स्टेशन परिसर में स्थापित खाद्य कारोबारियों को गुणवत्ता पूर्ण खाद्य पदार्थ मुहैया कराने, साफ सफाई व्यवस्थित करने, कूडा निस्तारण, हाइजिन मेन्टेन रखने आदि का प्रशिक्षण दिलाया जायेगा, तत्पश्चात उनके गुणवत्ता का परीक्षण कराकर, उन्हें एफ.एस.एस.ए.आई द्वारा प्रमाण पत्र भी प्राप्त कराये जायेंगे, इस प्रक्रिया में लगभग 01 माह का समय लगेगा।

चन्दन पाण्डेय, सहायक आयुक्त (खाद्य), फिरोजाबाद द्वारा ए.के. पोद्दार, अभिहित अधिकारी, एन.सी.आर.(रेलवे), भारत सरकार को उक्त कार्य में सहयोग करने हेतु पत्राचार किया गया था, जिसके परिपेक्ष्य में भारत सरकार के रेलवे अधिकारियों की सहमति एवं सहयोग से दिनांक 10 सितम्बर से 12 सितम्बर तक कार्यवाही पूर्ण किये जाने की योजना तैयार की गई है। फिरोजाबाद जनपद प्रदेश का पहला एसा जनपद होगा, जिसके सभी रेलवे स्टेशन एफ.एस.एस.ए.आई के मानकों पर प्रमाणित होंगे। जनपद के रेलवे स्टेशन प्रमाणन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जनपद वासियों एवं यात्रियों के लिये खासा आकर्षण का केन्द्र होंगे। ईट राइट स्टेशन को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों में भी काफी उत्साह नजर आ रहा है।

# राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा में लोगों को किया जागरूक

शिकोहाबाद। जिला संयुक्त चिकित्सालय में 25 अगस्त से 8 सितंबर तक राष्ट्रीय नेत्र दान



पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमें लोगों को नेत्र दान करने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर लोगों को नेत्र दान करने से दूसरे व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाई जा सकती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमएस डॉ. आरसी केशव ने की। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को नेत्रदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जब आपके परिवार में किसी की मृत्यु हो जाती है तो उसके कुछ घंटे के भीतर उनकी आंखों को निकाल कर सुरक्षित रख लिया जाता है। उक्त व्यक्ति की आंखों से जन्मजात से अंधे अथवा जिनकी आखों की रोशनी समाप्त हो गई है, उनको लगा कर उनके जीवन को खुशहाल बनाया जा सकता है। उन्होंने नारा देते हुए बताया कि नेत्रदान महादान है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ. दीपक तिवारी,सीएमएस आरसी केशव,डॉ. एके पचौरी,डॉ. संजय सिंह के साथ तमाम चिकित्सक व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर पूर्व मुख्यमंत्री को भेंट की पुस्तक

शिकोहाबाद। समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर एमपी सिंह ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर लखनऊ में प्रदेश के पूर्व



मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को एक पुस्तक भेंट की। पुस्तक जनसंख्या का प्राकृतिक संसाधनों पर प्रभाव, चुनौतियां एवं उपाय नामक विषय पर संपादित है। यह पुस्तक समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय सचिव ने लिखी है। यह पुस्तक समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर बीपांडे, राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप यादव,एमएलसी एवं प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी,एमएलसी डॉ. मानसिंह यादव तथा अनेकों शिक्षक सभा के पदाधिकारी की उपस्थिति में भेंट की। डॉ सिंह ने बताया कि इस पुस्तक में वर्तमान परिवेश में बढ़ रही जनसंख्या के कारण हमारे प्राकृतिक संसाधन कम होते जा रहे हैं। इसके ऊपर विचार रखे गए हैं, कि किस प्रकार जनसंख्या के दृष्टिगत प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सकता है। क्योंकि कई संसाधन ऐसे हैं, जिनको केवल बचाया जा सकता है। पैदा नहीं कर सकते। पूर्व मुख्यमंत्री ने पुस्तक प्राप्त करते समय शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र का निमार्ता है। शिक्षकों से ही समाज में अच्छा वातावरण बनता है। अतः हमें प्रत्येक स्तर पर शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए।

# डीआरएम ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

## पुर्न विकास कार्य की गति को बढ़ाने के दिए निर्देश

## रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार पर जोर

शिकोहाबाद। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे रेलवे स्टेशन के पुर्नविकास कार्य का निरीक्षण करने मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज रेलवे शुक्रवार को स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने कार्य की गति को बढ़ाने एवं अन्य यात्री सुविधाओं पर जोर दिया।

मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज हिमांशू बदोनी अधिकारियों के काफिले के साथ शुक्रवार सुबह पौने सात बजे करीब परख स्पेशल कार से शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन के पुर्न विकास कार्य की समीक्षा की। उन्होंने योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण किया। अधीनस्थ अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि उक्त कार्य को समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण किया जाए। इसके लिए कार्य की गति को बढ़ाएं। इसके बाद उन्होंने यात्री सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया। स्टेशन अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर उन्होंने अन्य रेलवे स्टेशन पर बने वातानुकूलित वीआईपी कक्ष की तर्ज पर यहां भी वीआईपी कक्ष तैयार कराए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही दूरदराज से आने वाले रेलयात्रियों को यहां खानपान की बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इसके लिए भी प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान उनके साथ सीनियर डीईएन, सीनियर डीओएम श्रीकृष्ण शुक्ला, स्टेशन अधीक्षक राजेश्वर सिंह, डब्ल्यूएमआई राकेश ग्रोवर,आरपीएफ इंस्पेक्टर आनंद कुमार एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# वामन भगवान शोभा यात्रा कार्ड का हुआ विमोचन

मथुरा। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा व श्री वामन भगवान महोत्सव समिति द्वारा बंगाली घाट स्थित नर्मदा भवन पर शोभा यात्रा कार्ड का पूर्ण हर्षोल्लास के साथ विमोचन किया। शोभा यात्रा के संयोजक राजेश पाठक व समिति के अध्यक्ष पंडित श्याम शर्मा पंडित कहा कि विगत कई वर्षो से ब्राह्मण महासभा की सभी इकाइयों को एक साथ एक बैनर तले लेकर आयोजन बडे धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित करता रहा है। उन्होंने बताया की इस भगवान वामन अवतार शोभायात्रा में कई नई प्रस्तुति होंगी।उन्होंने बताया नगर के ब्राह्मण समाज के लोगों के अलावा अन्य समाजों के लोग भी सम्मिलित होंगे

बैठक में समिति के संरक्षण संजय हरियाणा व समिति उपाध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि इस बार की शोभायात्रा में ढोल नगाड़ों के साथ भगवान वामन अवतार जी की भव्य झांकी भी शोभायात्रा के दौरान आकर्षण का केंद्र रहेगी। महामंत्री अर्जुन पंडित ने कहा भगवान वामन अवतार शोभायात्रा 15 सितंबर रविवार शाम 3 बजे डीग गेट स्थित कुंजविहारी मंदिर से प्रारंभ होकर होली गेट राममंदिर पर समापन होगी। वही उन्होंने कहा शोभा यात्रा के समापन पर वृद्ध सिटीजन का सम्मान किया जायेगा। वहीं सर्वेश चतुर्वेदी ने सभी बृजवासियों से शोभा यात्रा में पहुंचने की अपील की है।

इस अवसर पर कुलदीप शर्मा योगेश चतुर्वेदी गोपाल पंकज चतुर्वेदी दाऊ दयाल शर्मा विपिन ओझा धनीराम शर्मा मुकुंद शर्मा विष्णु कांत शास्त्री शिवकुमार गोस्वामी आदि मौजूद थे

# जननी सुरक्षा योजना की प्रगति खराब होने पर उनके प्रभारी चिकित्सों को कारण बताओं नोटिस व उनके नीचे के कर्मचारियों का वेतन रोका जाए: मुख्य विकास अधिकारी

**09 से 20 सितम्बर तक टीमें घर-घर जाकर टी0वी0 के मरीजो का करेगी सर्वे, जनपद में 2 सितम्बर से 15 सितम्बर तक सघन कुष्ट रोग खोज अभियान चलाया जाएगा।**

## अपने दायित्वों का निर्वहन सेवा भाव से करें , तभी अपने प्रति और नागरिकों के प्रति न्याय कर सकेंगे: मुख्य विकास अधिकारी

मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधीक्षक, प्रिंसिपल के साथ सभी



सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी के साथ जिले के अधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में सामान्य जन में संचालित चिकित्सीय योजनाओं के विषय में विस्तार से चर्चा की गयी। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने पाया कि टूण्डला में सबसे धीमी प्रगति से इस योजना में कार्य हुआ है, जिससे मुख्य विकास अधिकारी ने अत्यंत नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होने निर्देश दिया कि जिन-जिन सीएचसी व पीएचसी में इस योजना की प्रगति खराब है उनके प्रभारी चिकित्सों को कारण बताओं नोटिस व उनके नीचे के कर्मचारियों का वेतन रोका जाए। इसी तरह उन्हे फर्स्ट रेफरल यूनिट की समीक्षा करते हुए उन्होने कहा कि जिले की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया कि इसमें चल रही प्रगति की निरन्तरता बनी रहनी चाहिए। इसी तरह उन्होने वैक्सीनेशन के सम्बन्ध में समीक्षा करते हुए कहा कि जिले को वैक्सीनेशन का जो भी लक्ष्य प्राप्त हुआ वह ससमय पूरा होना चाहिए अगर जो भी इस कार्य में लापरवाही करता है उसका तुरंत वेतन रूकना चाहिए। इसी तरह उन्होने कहा कि उन आशाओं का प्रोत्साहित किया जाए जो अपना काम निष्ठा व ईमानदारी के साथ कर रहीं हैं। उन्हे अवगत कराया गया कि 20 आशाओं के उपर एक संगिनी होती है तो 20 आशाओं को देखती है। आर0बी0एस0के0 की टीम के लिए उन्होने कहा कि इस टीम के सभी सदस्य बच्चों के स्वास्थ्य का भलि-भांति निरीक्षण करें, ताकि बच्चें कुपोषण मुक्त हो।

मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद में केवल एक एन0आर0सी0 (पोषण पुनर्वास केन्द्र) अवस्थित है, जहां पर सैम अर्थात गम्भीर तीव्र कुपोषण से युक्त बच्चों का इलाज करा जाता है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के सेण्टर जनपद मे और अधिक होना चाहिए, इसके लिए हम शासन से मांग करेंगे ताकि जनपद में और सेण्टर स्थापित हो सके। मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद में अभी तक मलेरिया के कुल 4 पेसेंट है जबकि डेंगी के कुल 6 मरीज है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि डेंगी के मरीजों की जांच का दायरा बढाया जाए, इसके बारें में प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाया जाए, डेंगी के बचाव के उपायों को जगह-जगह समाचार पत्रों के माध्यम से पहुंचाया जाए, एण्टिलार्वा का छिडकाव हो, फोगिंग लगातार होती रहें। वह क्षेत्र जहां पर इसकी सम्भावनाऐं ज्यादा है जैसें मदनपुरा, हाजीपुरा जैसे क्षेत्रों में एटिलार्वा का छिडकाव कराया जाए, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि फिरोजाबाद जिले में टी0वी0 के मरीज सबसे ज्यादा पाए जाते है, इसलिए यहां पर इसके सम्बन्ध में जागरूकता के साथ-साथ इसके बचाव के उपायों के बारें में जानकारी दी जा रही है। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी को यह भी अवगत कराया गया कि 89 ग्राम पंचायतों में टी0वी0 के मरीज नही है, मुख्य विकास अधिकारी को यह भी अवगत कराया 09 सितम्बर से 20 सितम्बर तक एक टीम घर-घर जाकर टीवी के मरीजो का सर्वे करेगी और उनकी पहचान करेगी ताकि उनका इलाज सही से हो सके। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद टीवी मुक्त हो इसके लिए अपने मन में सेवा भाव लाए ताकि इस गम्भीर बीमारी से जनपद मुक्त हो।

इसी तरह राष्ट्रीय कुष्ट नियंत्रण अभियान के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया कि जनपद में 2 सितम्बर से 15 सितम्बर तक सघन कुष्ट रोग खोज अभियान चलाया जा रहा है, जिससे जनपद से कुष्ट रोग खत्म किया जा सके। राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया कि मोतिया बिन्दु का निशुल्क आपरेशन जनपद में दो स्थान पर कराया जा रहा है मेडिकल कॉलेज और शल्य चिकित्सालय में कराया जा रहा है इसमें मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद में जो भी टारगेट निर्धारित है उसे अवश्य पूरा करें। इसी तरह आयुष्मान भारत योजना के सम्बन्ध मे कहा कि यह सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना है इस योजना में गरीबों का 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराया जाता है, जिससे उन्हे इलाज में आर्थिक परेशानियों का सामना नही करना पडता है इसलिए जरूरी है कि जनपद में पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाए, जिससे उन्हे चिकित्सीय राहत प्रदान की जा सके।

# इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में नामांकन में कराएं वृद्धि:-डीआईओएस

फिरोजाबाद- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार, राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत सरकार एवं स्टार्टअप इण्डिया के तत्वाधान में आयोजित इन्सपायर अवार्ड



मानक योजना की एक मीटिंग इन्सपायर अवार्ड के सभी नोडल अधिकारी की जिला पुस्तकालय सिविल लाइन दबरई, फिरोजाबाद में जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार एवं सह नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए डीआईओएस धीरेन्द्र कुमार ने मीटिंग में उपस्थित सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने आवंटित विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के 05 विद्यार्थियों के नामांकन अनिवार्य रूप से करा दें। यह भारत सरकार की बच्चों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें नामांकन में वृद्धि करने के लिए पूर्ण प्रयास करें। जिसके लिए ब्लॉकवार कार्यशालाओं का आयोजन मंगलवार से किया जाएगा।

इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के सह नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में नामांकन के लिए किसी भी बोर्ड के विद्यालय अपनी इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के पोर्टल पर अपनी स्कूल आईडी से लॉगिन कर सकते हैं। इसमें नामांकन कराने वाले विद्यार्थियों के नाम पर बैंक का खाता होना चाहिए। यदि खाता बच्चे का नहीं है, तो खाता माता पिता के संयुक्त खाते में बच्चे का जुड़वा कर उसे फर्स्ट होल्डर बना दें। विचार में अधिकतम 150 शब्दों की सिनॉप्सिस होनी चाहिए। प्रथम स्तर पर जनपद स्तर की प्रदर्शनी के लिए चयन होने पर प्रत्येक विद्यार्थी को 10 हजार रुपये की धनराशि उस विद्यार्थी के खाते में भारत सरकार द्वारा भेजी जाती है। इस धनराशि के उपयोग से चयनित विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट को बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन प्रथम स्तर पर करेंगे। इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के पोर्टल पर नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2024 है। मीटिंग का संचालन एवं प्रशिक्षण अश्वनी कुमार जैन ने दिया। मीटिंग में यतेन्द्र कुमार, रामपाल सिंह, राजकपूर, सुधीर कुमार, हरिश्चन्द्र, कुमर पाल, प्रेमस्वरूप, विजय पाल, दिनेश चाहर आदि उपस्थित रहे।

# टैक्स अधिवकताओ ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कमिश्नर को दिया

फि रोजाबाद इनकम टैक्स ट्रेड टैक्स बार एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल कासगंज में महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की हत्या के विरोध में डिप्टी कमिश्नर जीएसटी प्रशासन शेखर चौरसिया से सिविल लाइंस स्थित जीएसटी कार्यालय में मिला और मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन देकर उनसे मांग की हत्यारोपियों को अविलंब पकड़कर उन्हें उचित दंड दिया जाए। इस अवसर पर असिस्टेंट कमिश्नर अमित कुमार सिंह, सृष्टि जैन, पारुल राजवंशी भी थे। ज्ञापन देते हुए यह भी मांग की गई की पीड़ित के परिवारीजनों में से एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, एक करोड रुपए की मुआवजा राशि दी जाए जिससे कि उनका परिवार ठीक से जीवन यापन कर सके। इसके अतिरिक्त जोरदार तरीके से यह भी मांग की गई कि अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट अतिशीघ्र लागू किया जाए, ताकि इस तरह की घटनाएं न हो,जिसकी कई वर्षो से मांग की जा रही है। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल, निर्देशक कुलदीप मित्तल एडवोकेट, कोचेयरमैन कमल कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष विजय कुमार जैन, कोषाध्यक्ष आफताब अहमद, कुलदीप गुप्ता, देवेश सक्सेना, संजय जैन निजाकत अली आदि अधिवक्ता मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि आज एसोसिएशन के सदस्य कांड के विरोध में न्यायिक कार्य से विरत रहे।

## विवाहिता ने सास,ससुर एवं देवर पर कराया मुकदमा

शिकोहाबाद। विवाहिता ने अपने सास, सासुर एवं देवर पर गाली गलौज एवं मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना नसीरपुर क्षेत्र के अंतर्गत गांव नानेमउ निवासी लता देवी ने मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें उसने आरोप लगाया है कि उसकी सास बल्लो देवी,ससुर राजेन्द्र उर्फ फुलकियाबाज एवं देवर अर्जुन आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाहिता के साथ गाली.गलौज एवं मारपीट करते हैं।

पुलिस ने विवाहिता का मेडिकल कराया है। पीड़िता की तहरीर पर सास, ससुर और देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# घर से भागे प्रेमी.प्रेमिका के परिजनों में हुई मारपीट

शिकोहाबाद। गांव के ही एक युवती और युवक में नजदीकी बढ़ गई। एक दिन प्रेमी जोड़े ने नई दुनिया बसाने के लिए घर की देहरी लांघ दी। जिसके बाद दोनों के परिजनों में रंजिश बन गई। शुक्रवार सुबह दोनों परिवार की महिलाएं आपस में झगड़ गईं। इस दोनों दो महिलाओं के चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों का मेडिकल कराया है।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में कुछ माह पूर्व एक युवक और युवती के बीच प्रेम हो गया था। दोनों ही एक.दूसरे के साथ जिंदगी बिताने के लिए घर से भाग गए। घटना की रिपोर्ट भी पूर्व में दर्ज कराई गई थी। मामला न्यायालय में पहुंचने के बाद युवती ने अपने प्रेमी युवक के साथ ही जीवन बिताने की इच्छा जाहिर की थी। इसके बाद से दोनों ही प्रेमी.प्रेमिका दिल्ली में रहकर जीवन बिता रहे हैं। शुक्रवार को युवक की मां राजकुमारी एवं युवती की मां छोटी देवी आमने.सामने आ गईं। दोनों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों में मारपीट हो गई। जिसमें दोनों घायल हो गईं। जिनका संयुक्त चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि दो पक्षों में झगड़ा हुआ है। जिसमें से दोनों पक्ष से एक-एक महिला घायल हुई है। मेडिकल कराया गया है। जांच के बाद दोषी के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# अलग स्थानों पर ट्रेन की चपेट में आने से दो की मृत्यु

शिकोहाबाद। थाना क्षेत्र अंतगर्त अलग स्थानों पर दो व्यक्तियों की ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। जानकारी होने पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव कब्जे में लेकर फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

पहली घटना नगला हैंडल के समीप हुई। यहां एक 36 वर्षीय युवक का शव खंभा नंबर 1210,24 से 1210,26 के बीच मुख्ट्रेय लाइन के पास पड़ा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मृतक की शिनाख्त धर्मवीर पुत्र शिवसरन सिंह निवासी बिरतीया एलाऊ मैनपुरी के रूप में की गई।

वहीं दूसरी घटना भांडरी गांव के समीप हुई। यहां एक 40 वर्षीय युवक की चलती ट्रेन से गिरकर मृत्यु हो गई। सूचना पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उक्त शव को भी कब्जे में लेकर फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मृतक की शिनाख्त अजय पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम खनवा थाना रूपवास जिला भरतपुर राजस्थान के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को देदी है।

प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मृतकों में एक व्यक्ति की शिनाख्त हो गई है। उसने पारिवारिक कारणों के चलते आत्महत्या की है। युवक की मृत्यु की जानकारी होते ही परिवार में चीख पुकार मच गई।

# उ.प्र.सहकारी समिति कर्मचारी संघ की बैठक कल

शिकोहाबाद। उत्तर प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी संघ लखनऊ इकाई जनपद फिरोजाबाद के जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव की सूचनानुसार संघ की एक बैठक 8 सितंबर रविवार को सुबह दस बजे रबी मैरिज होम हीरो बाइक एजेंसी के सामने मैनपुरी रोड पर होगी। जिसमें बी पैक्स कर्मचारियों के सभी संगठनों के सभी पदाधिकारी, कर्मचारी, कैडर सचिव, नान कैडर सचिव, आंकिक,सहायक आंकिक, विक्रेता, सहयोगी, चौकीदारों, स्वयं सेवक आदि की उपस्थित अनिवार्य है।

जिसमें संगठन की मजबूती हेतु कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने सभी सदस्यों एवं सभी संगठन के पदाधिकारियों से समय से पहुंचने की अपील की है।

# दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में ओरिएंटेशन प्रोग्राम धूमधाम से मनाया गया, जिसके अंतर्गत कला संकाय से स्नातक एवं परास्नातक की छात्राएं एवं वाणिज्य संकाय के प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं को



महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रेनू वर्मा जी ने कॉलेज परिसर के नियमों एवं कानूनों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी एवं अनुशासन पर विशेष बल देते हुए निम्नलिखित दिशा-निर्देश दिए, जिनमें— छात्र सहायता कोश द्वारा निर्धन एवं जरूरतमंद छात्राओं की यथा संभव मदद करने, शैक्षणिक गतिविधियों के अतिरिक्त साहित्य, संगीत, कला तथा खेलकूद, प्रतियोगिताओं के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छात्राओं को नए कीर्तिमान स्थापित करने हेतु समय -समय पर उनका परीक्षण करना, एवं प्रत्येक विषय की अपनी एक विशिष्ट गरिमा होती है इसीलिए अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए छात्राएं विषयों का चयन सावधानी पूर्वक करें, इत्यादि मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला।

विषय विशेषज्ञों द्वारा वर्तमान परिवेश में विषय की उपयोगिता एवं उद्देश्य को लेकर छात्राओं के मध्य अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ० अंजू गोयल ने किया।

इस अवसर का प्रो० प्रीति अग्रवाल,प्रो०विनीता गुप्ता, डॉ इंद्रारानी गुप्ता, डॉ छाया बाजपेई, डॉ रूमा चटर्जी, डॉ ज्योति अग्रवाल, डॉ माधवी सिंह,डॉ शालिनी मिश्रा, डॉ नूतन राजपाल, डॉ विनीता सिंह, डॉ निधि गुप्ता, डॉ ममता अग्रवाल, डॉ सरिता रानी, नीतू सिंह,श्री विकास वार्ष्णेय,शिवानी अग्रवाल शिखा यादव, श्रीमती अंजली यादव, मुदस्सिर जहां,पंकज एवं रामब्रेशयादव सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# हाईवे पर खड़े कंटेनर में मिला चालक का शव, फैली सनसनी

**पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद भेजा**

**कंटेनर के अंदर से बरामद किए बीमारी के पर्चे और आधार कार्ड**

शिकोहाबाद। कानपुर से बाइक उतार कर बिलासपुर जा रहे कंटेनर के चालक की हालत खराब हो गई। उसने कंटेनर को आरोंज मोड़ पर खड़ा कर दिया। शुक्रवार सुबह लोगों ने उसे कंटेनर में मृत अवस्था में देखा तो थाना पुलिस को सूचना दी। थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव कंटेनर से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया। कंटेनर के अंदर से बीमारी के पर्चे और आधार कार्ड बरामद किए हैं। सूचना पर मृतक के परिजन थाना पहुंच गये और पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

शुक्रवार सुबह शिकोहाबाद.-मक्खनपुर हाईवे पर आरौंज मोड़ के समीप सड़क किनारे बंद बॉडी का एक कंटेनर खड़ा था। इसमें चालक सीट और कंटेनर की स्टेयरिंग के बीच एक चालक मृत अवस्था में पड़ा था। सुबह यहां से गुजरने वाले राहगीरों की नजर जब कंटेनर के अंदर पड़े शव पर गई तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। उन्होंने पुलिस नियंत्रण कक्ष को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

कंटेनर के अंदर की जांच की तो मौके पर पुलिस को मोबाइल,पर्स एवं बीमारी का पर्चा पड़ा हुआ मिला। जिस पर मरीज का नाम हरकेश एवं चिकित्सक का नाम डा. भीमसेन शर्मा वरिष्ठ चिकित्साधिकारी राजकीय सेटेलाइट हॉस्पिटल भरतपुर अस्थमा एवं एलर्जी विशेषज्ञ एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर लिखा हुआ था। इसके अलावा कंटेनर के अंदर मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। जिस पर पुलिस ने संपर्क किया तो वह नंबर कंटेनर मालिक मनोज निवासी महेन्द्रगढ़ हरियाणा का निकला। उसने बताया कि उसकी गाड़ी गुड़गांव की एक कंपनी में लगी हुई है। गाड़ी में मिले चालक के आधार कार्ड के मुताबिक शव की शिनाख्त चालक हरकेश (55) निवासी कागारौल आगरा के रूप में हुई।

पुलिस ने डॉग स्कवायड की टीम को बुला कर जांच कराई। इस दौरान सीओ प्रवीन कुमार तिवारी भी मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने मोबाइल से मृतक के बेटा से संपर्क किया और घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन थाना पहुंच गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

इस संबंध में इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रथम द्दष्टया किसी बीमारी की वजह से चालक की मृत्यु हुई प्रतीत होती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का सही कारण स्पष्ट होगा।

# एसपी ग्रामीण ने शांति कमेटी की बैठक में दिए निर्देश

शिकोहाबाद। गणेश चतुर्थी एवं वाराबफात त्योहार के मददेनजर कोतवाली शिकोहाबाद में शांति कमेटी की बैठक का आयोजन एसपी



ग्रामीण की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें उन्होंने धर्म गुरूओं एवं गणमान्य नागरिकों से संवाद कर भाईचारे की भावना के साथ त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का आव्हान किया।

शुक्रवार को एसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया ने शांति कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी से संवाद किया। उन्होंने सभी धर्मगुरूओं एवं गणमान्य नागरिकों से त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के बारे में कहा। गणेश चतुर्थी एवं वाराबफात का त्यौहार आने वाले हैं। ऐसे में आप सभी लाउडस्पीकरों को कम आवाज में बजवाएं। ध्वनि प्रदूषण की वजह से किसी को परेशानी न हो, इस बात का ध्यान रखें। सभी लोग एक साथ धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं। इस दौरान अगर कहीं कोई असमाजिकतत्व कार्यक्रमों में व्यवधान उत्पन्न करता है,तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें। पुलिस आपकी हर संभव मदद करेगी। इस दौरान इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार और नायब तहसीलदार भी मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश व्यापार मण्डल का प्रान्तीय व्यापारी सम्मेलन एवम सम्मान समारोह कल

फि रोजाबाद उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल का प्रांतीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन दिनांक 08 ,09, 2024 को मध्यान 12 बजे से फिरोजाबाद क्लब में आयोजित किया गया है। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयवीर सिंह कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार होंगे अन्य प्रमुख अतिथियों में नगर विधायक, महापौर के अतिरिक्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवम अन्य शिक्षा क्षेत्र, उद्योगपति , सामाजिक ,राजनीतिक लोग भी उपस्थित होंगे ।सम्मेलन में प्रदेश के लगभग 14 जिलों का भी प्रतिनिधित्व रहेगा। कार्यक्रम मे प्रदेश में व्यापारियो की समस्याओं, उनकी राजनीतिक भागेदारी, जैसे विषयों पर गम्भीर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किये जायेंगे।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रशान्त वशिष्ठ के लिये पुष्प प्रिंटर्स, बौधाश्रम फिरोजाबाद से छपकर कार्यालय दैनिक सच क्या है बौधाश्रम फिरोजाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक- छीतरिया शर्मा
फोन नं. 05612297399.
9411927251,
9259041013,
9997830502
E-mail fzd@suchkyahai.com
suchkyahai@gmail.com
suchkyahai87@gmail.com